• जयपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 26 • वर्ष 15 • अंक 168 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

पेज @3 विश्व नवकार महामंत्र दिवस : गूंजा 'एक विश्व, एक मंत्र' का संदेश...

पेज @4 जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक...

पेज @8 उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में विकलांग जूली को मिली राहत, मौके पर...

### पीएम मोदी का महिला आरक्षण विधेयक पर राष्ट्र को संदेश

## विकसित भारत के लिए मातृशक्ति का सामर्थ जरूरी



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पर राष्ट्र के नाम संदेश साझा किया है। उन्होंने कहा कि अगर हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें हमारी मातृशक्ति को उनके पूर्ण सामर्थ के साथ राष्ट्र के विकास में जोड़ना ही होगा। अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, माताओं, बहनों और बेटियों से एक बात करना चाहता हूं। भारत ने तय किया है कि 2047 में जब भारत की आजादी के 100 साल होंगे, तब तक हमें विकसित भारत बनाकर रहना है। मैं दो-ढाई दशक के सरकार प्रमुख के रूप में अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अगर हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें हमारी मातृशक्ति को उनके पूर्ण सामर्थ के साथ राष्ट्र के विकास में जोड़ना ही होगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, हमने कुछ समय पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। सभी राजनीतिक दलों ने सहमति से किया था। सबकी इच्छा है कि 2029 में, जब लोकसभा के चुनाव होंगे, तब हमारी देश की नारीशक्ति को जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए।

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सभी राजनीतिक दलों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, ज्यादातर दलों ने समर्थन दिया है। एक बहुत ही सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इन्हीं विषयों को लेकर आज अखबारों में एक लेख लिखा है। मैंने अपने विचार साझा किए हैं। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस लेख को जरूर पढ़ें और दूसरों को भी पढने के लिए प्रेरित करें। सभी राजनीतिक दलों को प्रेरित करें और उनका उत्साहवर्धन करें, ताकि वे उमंग के साथ 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद में इस विधेयक को पारित कराएं। हम सभी मिलकर इसका जश्न मनाएं।

इसके साथ ही, पीएम मोदी ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, महिलाओं के लिए विधायी संस्थाओं में आरक्षण समय की मांग है। इससे हमारा लोकतंत्र और अधिक जीवंत एवं सहभागी बनेगा। इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी तरह की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी।

### न्यूज़ अपडेट

## 11 साल बाद जेल से बाहर आएगा रामपाल, देशद्रोह के मामले में हाईकोर्ट ने दी जमानत



**हिसार/एजेंसी।** सतलोक आश्रम के प्रमुख और उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से एक बड़ी राहत मिली है। अदालत ने देशद्रोह के एक बेहद गंभीर मामले में रामपाल की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। बता दें कि रामपाल पिछले 11 साल, 4 महीने और 20 दिन से सलाखों के पीछे कैद है और वर्तमान में वह हिसार की सेंट्रल जेल-2 में अपनी सजा काट रहा है। जमानत मिलने की इस खबर के बाद उसके समर्थकों में भारी हलचल मच गई है।

### ● जेल से रिहाई के लिए पूरी करनी होगी यह कानूनी प्रक्रिया

हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बावजूद रामपाल तुरंत जेल से बाहर नहीं आ सकेगा, इसके लिए कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हिसार सेंट्रल जेल-2 के सुपरिंटेंडेंट उमेश कुमार ने रिहाई की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हाईकोर्ट के जमानत के आदेश सबसे पहले संबंधित अदालत में भेजे जाएंगे। अदालत में कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद वहां जमानत बॉन्ड भरा जाएगा। जब यह सारी प्रक्रिया पू-री हो जाएगी और अदालत के अंतिम आदेश जेल प्रशासन के पास पहुंचेंगे, उसके बाद ही रामपाल को जेल से रिहा किया जाएगा। रामपाल पर देशद्रोह का यह मामला साल 2014 की एक खौफनाक घटना से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने अदालत की अवमानना के एक मामले में रामपाल को पेश होने का स्पष्ट आदेश दिया था, लेकिन उसने पेश होने से साफ इनकार कर दिया।

### हल्दिया से पीएम मोदी ने बंगाल के लोगों को दी 6 गारंटी

## नहीं बचेंगे टीएमसी के गुंडे, लागू होगा 7वां वेतन आयोग: पीएम मोदी

### कहा- भ्रष्टाचारियों को जेल और घुसपैठियों को बाहर भेजेंगे

**पूर्वी मेदिनीपुर/एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर के हल्दिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस रैली में पीएम मोदी ने बंगाल की टीएमसी सरकार एवं ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा है। साथ ही हल्दिया की रैली से पीएम मोदी ने बंगाल के लोगों को 6 गारंटी भी दी हैं।



पीएम मोदी ने चुनावी जनसभा से बंगाल को भयमुक्त करने की पहली गारंटी दी है। दूसरी गारंटी सरकारी सिस्टम की जवाबदेही तय करने की है। पीएम मोदी ने तीसरी गांरटी ममता सरकार को कटघरे में लेते हुए भ्रष्टाचार और अपराध की फाइलें खोलने की दी है। चौथी गांरटी बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वह भ्रष्टाचारियों को जेल भेज कर रहेंगे।

हल्दिया की रैली से पीएम मोदी ने पांचवी गांरटी का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव नतीजों के आने के बाद बंगाल में टीएमसी के गुंडे नहीं बचेंगे। पीएम मोदी की छठी गांरटी जो कि इस चुनाव के लिए मास्टरस्ट्रोक भी माना जा रहा है। पीएम मोदी ने ये छठी गारंटी 7वां वेतन आयोग लागू करने की दी है।

चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक समय था जब पू-रे देश से लोग काम की तलाश में हल्दिया आते थे। आज इसी जगह के युवा अंडमान और ओडिशा की ओर पलायन कर रहे हैं। वे रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख कर रहे हैं। टीएमसी सरकार के राज में अगर कोई चीज सचमुच फली-फूली है, तो वह है घुसपैठियों की फैक्ट्री है। टीएमसी का काम है नकली दस्तावेज बनाना और मवेशियों की तस्करी करना। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी की राजनीति डर पर आधारित है।

## नीतीश कुमार 14 अप्रैल को देंगे बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा

**पटना/एजेंसी।**

जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) प्रमुख नीतीश कुमार कल यानी 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे। इसी के साथ उनका बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में करीब 2 दशक लंबा कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है।

सूत्रों के हवाले से बताया है कि वे 14 अप्रैल को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसी दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विधायक दल अगले मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक करेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, नीतीश ने कथित तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि मुख्यमंत्री का पद खाली नहीं रह सकता। सूत्रों ने बताया है कि नीतीश चाहते हैं कि उनके उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद संभालें और उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपनी प्राथमिकता से अवगत करा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सम्राट का शपथ ग्रहण समारोह 15 अप्रैल को हो सकता है।

नीतीश ने 17 मार्च को एनडीए के 4 अन्य उम्मीदवारों के साथ राज्यसभा चुनाव जीता था। इसके बाद 30 मार्च को उन्होंने बिहार विधान परिषद के सदस्य पद से इस्तीफा दिया था।

### कौन होगा अगला मुख्यमंत्री?



इसी के साथ ये लगभग तय हो गया था कि बिहार का मुख्यमंत्री पद अब भाजपा को मिलने जा रहा है। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नीतीश आज दिल्ली रवाना होंगे और कल राज्यसभा सांसद पद की शपथ लेंगे।

खबरें हैं कि नीतीश के बेटे निशांत कुमार को बिहार की नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। नीतीश के राज्यसभा जाने का फैसला लेने के बाद 8 मार्च को निशांत ने जेडीयू की सदस्यता ली थी। निशांत अभी तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे हैं और ज्यादातर समय सोशल मीडिया और राजनीतिक मंचों से दूरी बनाए रखते हैं। खबरें हैं कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए यात्रा निकालने की योजना बना रहे हैं।

## सीएम योगी बोले - बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता

**लखनऊ/एजेंसी।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है।



## 15,400 टन एलपीजी लेकर नवी मुंबई पहुंचा टैंकर

### 6 अप्रैल को होर्मुज से निकला था



**मुंबई/एजेंसी।**

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत का एक और टैंकर एलपीजी लेकर देश आ चुका है। इस टैंकर में 15,400 टन एलपीजी है। इससे देश की बड़ी आबादी को घरेलू गैस की सप्लाई की जाएगी। जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण ने गुरुवार को बताया कि 15400 टन एलपीजी से लदे भारतीय ध्वजाकार जहाज का उसने स्वागत किया। इस टैंकर ने छह अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार किया था। इस टैंकर का नाम ग्रीन आशा है। इसके साथ ही ग्रीन सानवी नाम का टैंकर भी छह अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरा था, जो पहले ही भारत पहुंच चुका है।

अमेरिका और इजरायल के खिलाफ युद्ध के चलते ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज ब्लॉक कर दिया है। हालांकि, कुछ चुनिंदा देशों के टैंकर यहां से गुजर सकते हैं और भारत भी उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल है।

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण के अनुसार ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारतीय टैंकर का स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित निकलना बड़ी बात है। ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला टैंकर है, जो एलपीजी सप्लाई लेकर इस बंदरगाह तक पहुंचा है। एक विज्ञप्ति में जेएनपीए ने कहा, जेएनपीए ने गर्व से ग्रीन आशा का स्वागत किया। यह भारतीय ध्वजाकार एलपीजी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है और बीपीसीएल-आईओसीएल द्वारा संचालित जेएनपीए के तरल बर्थ पर लंगर डाला है। जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### राष्ट्रीय शोक घोषित

## इजरायली हमलों से लेबनान में एक ही दिन में 254 की मौत

**बेरुत/एजेंसी।**

ईरान और अमेरिका के बीच हुए युद्धविराम को लेकर अनिश्चितता गहराती जा रही है। इजराइली सेना ने लेबनान में बीते दिन सैकड़ों मिसाइलें दागीं, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, कम से कम 1,165 लोग घायल हुए हैं। इस घातक हमले के बाद लेबनान में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। ये हमला उसी दिन हुआ, जिस दिन ईरान और अमेरिका में युद्धविराम का ऐलान किया गया था।



इजरायल ने राजधानी बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में हमले किए। लेबनान का कहना है कि बेरूत के कई घनी आबादी वाले व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को बिना किसी पूर्व सूचना के निशाना बनाया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अस्पतालों में मरीजों की संख्या अत्यधिक बढ़ गई है और डॉक्टरों और नर्सों के लिए आपातकालीन अपील जारी की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल ने आज भी लेबनान के पूर्वी कस्बों अल-शेख और मेइफादौन और दक्षिणी कस्बों कुनिन और अली अल-ताहिर हाइट्स पर हमले किए हैं। शुरुआती रिपोर्टों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

दक्षिणी बेरूत के उपनगर चियाह और दक्षिण में स्थित अल-दुवैर कस्बे में भी इजरायली हमलों की खबर है। यहां इमारतें मलबे में तब्दील हो गई हैं। कई इमारतों की दीवारों और खिड़कियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने कहा कि इजरायली हत्या मशीन को रोकने के लिए लेबनान के सभी राजनीतिक और कूटनीतिक संसाधनों को जुटा दिया है। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान, अमेरिका और ईरान के बीच हुए संघर्ष-विराम का हिस्सा नहीं है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी इसी रुख को दोहराते हुए कहा कि हमने कभी ऐसा कोई वादा नहीं किया था।

लेबनान में राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करने के बाद सार्वजनिक संस्थानों को बंद कर दिया गया है और झंडे झुका दिए गए हैं। इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने लेबनान पर हुए हालिया हमलों को दर्दनाक हमले बताया और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हिंसा को रोकने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट ने युद्धविराम में लेबनान को भी शामिल करने की मांग की है।

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

**नरेंद्र मोदी**

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।

यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक



विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं।

इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो।

अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।

## युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही

जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध संबंधी तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है।

अमेरिका और इजराइल ने बिना विकिरण जैसे परिणामों की चिंता किए ईरान के परमाणु ठिकाने नांतेज पर बमबारी की। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल के परमाणु स्थल डिमोना पर मिसाइलें दागीं। दोनों हमलों में काफी नुकसान होने की खबरें हैं। इसके बाद डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के बिजली ग्रिड को तबाह करने की धमकी दी, तो जवाब में ईरान ने कहा कि ऐसा होने पर वह इजराइल और खाड़ी देशों में ना सिर्फ बिजली, बल्कि जल स्वच्छ करने के संयंत्रों पर भी निशाना साधेगा। इससे भड×के अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक भाषा में जो कहा, उसका यही अर्थ समझा गया है कि उन्होंने ईरान पर परमाणु बम गिराने की धमकी दी है।

दूसरे विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम से हुई तबाही देखने के बाद दुनिया में धारणा बनी थी कि मानव विवेक आगे कभी ऐसा नहीं होने देगा। वैसे, उस महायुद्ध के बाद दुनिया में युद्ध संबंधी नियम– कायदे भी बने। उनके मुताबिक नागरिक स्थलों, बिजली–पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं, स्कूल– अस्पताल आदि जैसी जगहों को सैन्य हमलों से दूर रखने पर सहमति बनी। मगर, आज ये सारी बातें जमींदोज हो गई लगती हैं। ईरान पर हमलों की शुरुआत होते ही अमेरिका– इजराइल ने मिनाब में छोटी बच्चियों के स्कूल पर हमला किया। उसके बाद से नागरिक स्थलों, अस्पतालों, ऊर्जा स्थलों एवं जल स्वच्छता केंद्रों पर निशाने साधे गए हैं।

ईरान ने भी उनका जवाब उसी अंदाज में दिया है। और ये सिलसिला बढ़ते– बढ़ते अब परमाणु हमले की चर्चा तक पहुंच गया है। इस क्रम में ये कयास भी लगाए गए हैं कि ईरान ने खुद अपनी तैयारी से या किसी अन्य स्रोत से व्यापक विनाश के अस्त्र जुटाए हुए हैं, जिनका इस्तेमाल वह आगे चल कर सकता है। ये बातें यही बताती हैं कि जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है। आधुनिक युग में ऐसा होगा, पहले ये सोचना असंभव था!

# कभी बंदूक अब रोजगार

- **आत्मसमर्पित माओवादियों का आजीविकामूलक गतिविधियों से सुधर रहा भविष्य**
- **मुख्यधारा में लौटे माओवादियों का शिक्षा पर भी विशेष ध्यान**



जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की मार्ग अपनाया था, अब वहीं हाथ अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास ग्राम चौगेल के पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा हुनर दिखाते हुए काष्ठ कला से नेम प्लेट, छत्तीसगढ़ शासन का 'लोगो', ग्राम पंचायतों के लिए बोर्ड, बच्चों के लिए की-रिंग सहित अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है, साथ ही कपड़े का थैला, कार्यालयों के लिए बस्ता भी तैयार किया जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुशल और दक्ष बनाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यहां पर उन्हें काष्ठशिल्प के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग, सिलाई, राजमिस्त्री जैसे पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कभी नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियॉ अब विभिन्न व्यवसाय में दक्ष हो रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड×कर सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह कर सकें।

### ● चौगेल कैंप बना कौशल प्रशिक्षण केंद्र

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शासन द्वारा नक्सल मुक्त बस्तर घोषित किया जा चुका है। हिंसा की राह त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड के पास ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैम्प में विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कभी बीएसएफ का कैम्प रहा चौगेल (मुल्ला) का यह कैम्प अब हुनर सिखाने वाला गढ़ बन चुका है। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठयक्रमों जैसे- काष्ठ शिल्प, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, ड्राइविंग, राजमिस्त्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है। पढने के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकें, पेन-पेंसिल दिए गए हैं तथा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की व्यवस्था भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां भी दी जाती हैं। कैम्प में मनोरंजनात्मक गतिविधियां जैसे कैरम, वाद्य यंत्र, विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किया जाता है। चौगेल पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, वाहन चालक के साथ ही कांकेर में घुड़सवारी का भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में सिलाई मशीन, काष्ठ शिल्प एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। स्वरोजगार के लिए सशक्त बनाने हेतु कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी, पशुधन विकास विभाग के साथ 'बिहान' के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

प्रशिक्षण उपरांत नियोजन करने वाला पहला जिला बना कांकेर

पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण उपरांत नक्सली पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार से जोडने वाला कांकेर पहला जिला बन चुका है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने हाथों से तीन नक्सली पीड़ित और एक आत्मसमर्पित नक्सली को निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा, इनमें पुनर्वासित सगनूराम आंचला एवं नक्सल पीड़ित रोशन नेताम, बीरसिंह मंडावी और संजय नेताम शामिल थे। इन सभी को निजी फर्म का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जहां उन्हें 15 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय और अन्य प्रकार की वित्तीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन्होंने चौगेल कैम्प में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था तथा उन्हें निजी क्षेत्र में नियोजित किया गया है।

## आज का राशिफल

### मेष राशि :
आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। खेल कूद से जुड़े लोगों को आज किसी बहुत बड़े टूर्नामेंट में भाग लेने का सुअवसर मिलेगा। आपको वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा हो सकती है। नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में वृद्धि हो सकती है साथ ही उत्पादन क्षमता भी बढ़ेगी। अपने पार्टनर के साथ आप डिनर करने का प्रोग्राम बना सकते हैं। जो लोग संगीत या गायन के क्षेत्र से जुड़े हैं।

### वृष राशि :
आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नौकरीपेशा लोगों को अपने काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। ऑफ़िस में आपको सबका सहयोग मिलेगा। आज आप सोशल वर्क कर सकतें हैं। आपको किसी नए कॉन्टैक्ट से बहुत फायदा होगा। आज आपके विरोधी भी आपकी उदारता से बहुत प्रभावित होंगे। घर किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

### मिथुन राशि :
आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आज आपको नये लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज काम करने से पहले घर के बड़ों की सलाह लेना बेहतर होगा। पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्रता में कुछ कमी आ सकती है। अपने रुचि के अनुसार सब्जेक्ट का चुनाव करने और अपनी अध्ययन की योजना में बदलाव करने की सोचेंगे। बिजनेस मे प्रतिद्वंदीयों से सावधान रहें। खुद को फिट रखने के लिए आपको योग जरूर करना चाहिए।

### कर्क राशि :
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा आपका झुकाव किसी नए काम की ओर हो सकता है। करियर के मामले में कुछ बेहतर अवसर मिलने के आसार हैं। बिजनेस में किसी नए ग्रुप से जुडने के बारे में विचार कर सकते हैं। हालांकि डील करते समय आपको बहुत सोच-समझकर ही आगे बढना चाहिए। घर वालों के साथ किसी बात को लेकर थोड़ा बहुत मनमुटाव हो सकता है।

### सिंह राशि :
आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। वालों छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन खासतौर पर फायदेमंद रहेगा। आपका रिसर्च वर्क पूरा हो सकता है। माता-पिता के साथ बेहतर संबंध स्थापित होंगे। जॉब के मामले में बड़ा ऑफर मिलने से आपको धन लाभ हो सकता है। आप परिवार वालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

### कन्या राशि :
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी महत्वपूर्ण काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल मिल सकते हैं । संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।

### तुला राशि:
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आज आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की सख्त जरूरत है। ईष्ट मित्रों से मिलने आप उनके घर जा सकते हैं आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। हालांकि जीवनसाथी के साथ रिश्तों में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है, उन्हें खुश करने के लिये उपहार देना उचित रहेगा। आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा बन सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के मामलों में विजय प्राप्त होगी।

### वृश्चिक राशि:
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिल सकता है। आज अपने परिवार के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में आपकी तरक्की के नए रास्ते खुल सकते हैं। कुछ खास जगहों पर आपकी प्रशंसा होगी। आज आप छोटा उद्योग शुरु करने के बारे में विचार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। जीवनसाथी आज आपके ऊपर ख़ास ध्यान देंगे और आपकी बातों को ध्यान से सुनेंगे।

### धनु राशि:
आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। समाज में आपका सम्मान और रुतबा बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। पड़ोस के कुछ खास लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अचानक नए स्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। अपने लक्ष्य को पूरा करने में आपको किसी की मदद मिल सकती है। जो लोग मार्केटिंग की फील्ड से जुडे हैं, उन्हें आज अच्छे क्लाइंट मिलने की संभावना है। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलेगा। लवमेटस कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे।

### मकर राशि :
आज आपका दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा अधिक व्यस्त रहने वाला रहेगा। ऑफिस में बॉस आपको कुछ नया काम दे सकते है , जिसे पूरा करने में आप सफल भी होंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बीतेगा । किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार-विमर्श करेंगे। नए संपर्कों से आपको फायदा होने की उम्मीद है। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। शिक्षण के क्षेत्र से जुड़े लोगों को तरक्की के नये अवसर मिल सकते हैं।

### कुंभ राशि:
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ लोगों से पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। काफी दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बेहतर रहेगा। किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपको अचानक से कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको बहुत आवश्यकता थी। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में आज तेजी से वृद्धि होगी।

### मीन राशि:
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज अपनी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करने के लिए आपको कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे आपका मन खुश हो जायेगा। जीवनसाथी के साथ बढ़िया तालमेल रहेगा। घर की सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी हो सकती है। जो लोग नौकरीपेशा हैं, उनको थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है। काम को लेकर सीनियर आपसे नाराज हो सकते हैं । वो आपसे ऐसी बात कह सकते हैं, जो आपको बुरी लग जाये ।

## शब्द सामर्थ्य -003

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन–दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू- दोकू क्र.003

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.002का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## संक्षिप्त समाचार

### एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या 26 अप्रैल को

**चमकता राजस्थान/ गोविन्द बामणिया/राणावास।** गांव आगदोष श्री भैरवनाथ गौशाला में 26 अप्रैल को एक शाम श्री गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या आयोजन होगी अध्यक्ष ताराराम चौधरी ने बताया कि 26 अप्रैल शाम को गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या वह महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा इसमें भजन कलाकार गायक डॉ. ओम मुंडेल, देवेंद्र लांबिया , आशा नायक, संदीप सेजू, राजू मारवाड़ी, के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी कार्यकर्ताओं के द्वारा तैयारी चल रही है

### नेशनल हाई-वे 21 जयपुर आगरा पर लूट के 2 आरोपी की गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिलें के बालाहेड़ी थाना क्षेत्र से गुजर रहें नेशनल हाई-वे 21 पर दिनांक 23 मार्च 2017 को शाम 6:30 बजें जयपुर फागी निवासी पीड़ित भैरूसिंह अपनी बाइक द्वारा मथुरा से जयपुर की और जा रहा था तो रास्ते में हाईवे पर खोंहरा नन्दसिंह के पास अज्ञात बदमाशों द्वारा पीड़ित की बाइक के आगे गाड़ी लगाकर बाइक को रुकवा कर पीड़ित की जेब से एंड्रॉयड मोबाइल एमआई नोट 14 प्रो सहित पीड़ित द्वारा कान में पहनें हुई सोने की मुर्कीयों कों जबरदस्ती लूट कर ले गए। घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा थानें पर उपस्थित होकर लिखित रिपोर्ट पेश करने पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महुवा डीएसपी मनोहर लाल मीणा के सुपरविजन में बालाहेड़ी थाना स्तर पर टीम का गठन किया जाकर गठित टीम द्वारा थाना इलाका सहित गैर थाना इलाका टोडाभीम करौली हिंडौन जयपुर जाकर तथा घटनास्थल के आसपास लगें सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों के आधार पर आरोपियों कों चिन्हित करतें हुए घटना में शामिल आरोपी धर्मेंद्र उर्फ धरू उर्फ सरपंच पुत्र करनसिंह मीणा निवासी उल्लूपूरा खेड़ली मोड़ भरतपुर व अनुज कुमार उर्फ कट्टल पुत्र प्रकाश चंद मीणा निवासी गोपालपुरा टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व कान मुर्कीयों कों बरामद करने की कार्यवाही की है वहीं गिरफ्तार आरोपियों से प्रकरण में अनुसंधान कर अग्रिम कार्यवाही जारी है।

### बच्चों के समग्र विकास के लिए ''पोषण पखवाड़ा'' गुरूवार से शुरू

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने अभियान के पोस्टर का विमोचन किया




**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ''जीवन के प्रथम 6 वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास''' की थीम पर 9 से 23 अप्रैल तक ''पोषण पखवाड़ा'''' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम गुरूवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उप निदेशक समेकित बाल विकास सेंवाएं प्रियंका शर्मा एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी समीक्षा कंवर शेखावत ने कलक्ट्रेट सभागार में पोषण पखवाडा पोस्टर का विमोचन किया। पोषण पखवाड़ा के तहत बच्चों के समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास, मातृ एवं शिशु पोषण तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर मातृ एवं शिशु पोषण थीम पर रैली, नारा लेखन, पोषण पर चर्चा तथा 'दादी-नानी की कहानी''' और गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए ''स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर'' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया अभियान, आईईसी गतिविधियाँ, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिताएं तथा स्थानीय स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए ''कुपोषण मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग करें।''

### वरिष्ठ अध्यापक शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक बूँदी ने जिलाध्यक्ष राकेश कुमार मीणा के नेतृत्व मे जिला कलक्टर बूंदी को माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में शिक्षकों की डीपीसी,वरिष्ठता विलोपन, ग्रीष्म अवकाश 17मई से 30जून तक करना , संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश पूर्व की तरह 2 दिन रखना, विवेकानंद मॉडल स्कूल एवं महात्मा गाँधी विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों 5वर्ष पूर्ण होने पर मूल विभाग मे इच्छुक जगह भेजना,पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाना आदि। ज्ञापन मे संभाग अध्यक्ष रामलाल शर्मा,जिला महामंत्री मुकुट बिहारी खटीक,सचिव देवकिरण सिंह, कोषाध्यक्ष किशन लाल नागर, जिला संघठन मंत्री गोपाल लाल बुलीवाल, जिला संयोजक किशन गोपाल मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष हिण्डोली राजेश कुमार मीणा, शिवराज मीणा,बाबु लाल वर्मा आदि वरिष्ठ शिक्षक साथी मौजूद रहे।

### देबावास का गौरवः लक्षिता कंवर राजस्थान में प्रथम स्थान

**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर/ सांचौर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा आयोजित प्राध्यापक (स्कूल शिक्षा) परीक्षा-2024 में हमारे जालोर जिले के ग्राम देबावास की बेटी लक्षिता कंवर (सुपुत्री ठा. श्री डूंगरसिंह जी बालावत) ने अंग्रेजी विषय में पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान (Rank 1) प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। 319 सफल अभ्यर्थियों की सूची में शीर्ष पर रहकर लक्षिता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से आसमान छुआ जा सकता है।



बिटिया की इस स्वर्णिम सफलता पर जालौर जिले के समस्त व्यक्तियों ने लक्षिता कंवर को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस : गूंजा 'एक विश्व, एक मंत्र' का संदेश

## जीतो बेंगलूरु टीम के फ्रीडम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

चमकता राजस्थान



**बेंगलूरू।** जीतो बेंगलूरु टीम द्वारा आयोजित ''विश्व नवकार महामंत्र दिवस'' का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन गांधीनगर स्थित फ्रीडम पार्क में अत्यंत उत्साह, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ संपन्न हुआ। शुभ मंगल प्रभात से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और आस्था, भक्ति एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ जीतो के पदाधिकारियों, गणमान्य अतिथियों एवं सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर चतुर्विध धर्मसंघ एवं सभी अतिथियों का भावभीना स्वागत किया गया। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के चेयरमैन विमल कटारिया ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि नवकार महामंत्र दिवस का यह पावन अवसर हम सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है, जो विश्व में शांति का संदेश पहुंचाने का माध्यम बना है। उन्होंने कहा कि जैन समाज की प्रतिभाएं आज विभिन्न उच्च पदों पर रहते हुए भी अपनी आस्था और सकारात्मक सोच से समाज की एकता और उन्नति को निरंतर सशक्त कर रही है।

जीतो बेंगलूरु साउथ के चेयरमैन रणजीत सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''विश्व नवकार महामंत्र दिवस'' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक शांति एवं विश्व कल्याण की भावना से जुड़ा पावन अवसर है। उन्होंने बताया कि ''श्रमण आरोग्यम'' एवं जेबीएन नेटवर्किंग जैसे प्रकल्पों के माध्यम से जीतो समाज सेवा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम का सफल संचालन बैंगलोर नॉर्थ के महामंत्री विजय सिंघवी एवं बैंगलोर साउथ के महामंत्री नितिन लुनिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दोनों महामंत्रियों ने कहा कि यह आयोजन टीमवर्क, समर्पण और सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में प. पू. मुनिराज मलयप्रभसागरजी म.सा. आदि ठाणा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके पावन मार्गदर्शन में नमस्कार महामंत्र का सामूहिक जाप अत्यंत श्रद्धा एवं एकाग्रता के साथ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण दिव्यता से भर उठा। मुनिश्री ने कहा कि एक ही समय में विश्वभर में नवकार महामंत्र का जाप करना विश्व शांति का सशक्त संदेश है और यह जीतो की अद्भुत पहल है। उन्होंने आगे कहा कि नवकार महामंत्र के नियमित जप से आत्मिक शांति, ऊर्जा एवं जीवन में संतुलन प्राप्त होता है, जो शाश्वत सुख का मार्ग प्रशस्त करता है। प.पू. लोकेश मुनिजी म.सा. ने मंगल पाठ प्रदान करते हुए कहा कि नवकार महामंत्र जैन श्रावक की आस्था का मूल आधार है और इसका स्मरण जीवन की अंतिम श्वास तक बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक कमाई धन-संपत्ति नहीं, बल्कि जप और तप है, जो आत्मकल्याण का मार्ग है। उन्होंने प्रेरित किया कि जीवन में ऐसी भावना हो कि जप-तप करते हुए ही इस संसार से विदा लें—यही सर्वोत्तम साधना है। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन युवा प्रेरक स्मित कोठारी ने किया। संगीतकार पारस गड़ा एवं श्री जैनम वारिया ने मधुर स्वरलहरियों के साथ नवकार महामंत्र की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु ध्यानमग्न हो गए।

''एक विश्व, एक मंत्र झ शांति के लिए सामूहिक जाप'' के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में नवकार महामंत्र का जाप कर विश्व शांति का संदेश दिया।

कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एमआई. अरुण ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवकार महामंत्र ''मंत्रों में मंत्र'' है, क्योंकि यह किसी व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि श्रेष्ठ गुणों की वंदना करता है। उन्होंने कहा कि यह महामंत्र अहिंसा, वीतरागता एवं सर्वकल्याण की भावना का संदेश देता है और त्याग में ही सच्चा सुख निहित है। इस दौरान कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडूराव ने कहा कि विश्व शांति के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रेम, भाईचारे एवं अहिंसा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बना है। मनोज जैन (खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग) ने कहा कि नवकार महामंत्र एक अद्भुत एवं सार्वभौमिक मंत्र है, जो समाज को एकता के सूत्र में पिरोता है। उन्होंने आग्रह किया कि जनगणना में ''जैन'' शब्द को नाम के साथ जोड़कर समाज की पहचान को और सशक्त बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि भारत के गृह मंत्री अमित शाह का जप अनुष्ठान विज्ञान भवन, नई दिल्ली से ऑडियो-वीडियो माध्यम द्वारा प्रसारित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने ध्यानमग्न होकर सुना। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के संयोजक प्रवीण चौहान एवं सहसंयोजक सुनील लोढ़ा तथा जीतो बेंगलूरु साउथ के संयोजक महेंद्र रांका एवं सहसंयोजक महावीर दांतेवाड़िया ने कुशलतापूर्वक निभाई। अंत में आयोजकों ने सभी साधु-संतों, अतिथियों, पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग, समर्पण एवं सक्रिय सहभागिता से यह आयोजन ऐतिहासिक एवं सफल बन पाया।

### निराश्रित गोवंश के चारे हेतु प्रशासन की अपील, 10 कुन्तल भूसा दान करने पर मिलेगा प्रशस्ति पत्र

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश के समुचित संरक्षण और भरण-पोषण के लिए जिला प्रशासन ने एक विशेष दान अभियान शुरू किया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एम.पी. सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे विभिन्न विकास खंडों में संचालित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों पर अपनी सामर्थ्य अनुसार भूसा, हरा चारा और चोकर दान कर पुण्य लाभ कमाएं। वर्तमान में गेहूं की कटाई और भूसे के उत्पादन के सीजन को देखते हुए, पशुपालन विभाग ने नागरिकों को गो-सेवा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया है। प्रशासन द्वारा इस नेक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले दानदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि जो व्यक्ति न्यूनतम 10 कुन्तल भूसा या 11,000 रुपये की नकद राशि दान करेगा, उसे प्रशासन की ओर से विशेष प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। दान की इच्छुक जनता अपने निकटतम खंड विकास अधिकारी या पशु चिकित्साधिकारी से संपर्क कर सकती है, अथवा सीधे 'निराश्रित पशु एवं गोवंश आश्रय स्थल' के नाम से एक्सिस बैंक (IFSC: UTIB0003398) में संचालित खाते में ऑनलाइन सहयोग राशि भी भेज सकती है।

### सहारनपुर नगर निगम का स्वच्छता अभियानः होटलों और वार्डों में 'वेस्ट मैनेजमेंट' के लिए जन-जागरूकता तेज़



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आईईसी गतिविधियों के माध्यम से सहारनपुर नगर निगम अब कचरा प्रबंधन को लेकर बड़े संस्थानों और नागरिकों को सक्रिय रूप से जोड़ रहा है। नगर निगम और 'आईटीसी मिशन सुनहरा कल' (फोर्स एनजीओ) के संयुक्त तत्वावधान में अम्बाला रोड स्थित होटल राजमहल व रॉयल रेजिडेंसी जैसे बल्क वेस्ट जनरेटरों (BWG) को जागरूक किया गया, जहाँ कर्मचारियों को गीले व सूखे कूड़े के पृथक्करण और जैविक कचरे से खाद बनाने की तकनीक सिखाई गई। नोडल प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा के नेतृत्व में वार्ड संख्या 07, 08 और 42 में गहन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत डोर-टू-डोर संपर्क कर लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मानकों की जानकारी दी गई। इस अभियान में न केवल होटल संचालकों बल्कि वेस्ट पिकर्स और स्थानीय निवासियों के साथ भी बैठकें की गईं, जहाँ डॉ. मिश्रा ने जोर देते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी मशीनरी का कार्य नहीं है, बल्कि इसे एक सामाजिक संस्कार के रूप में अपनाकर ही शहर को पूर्णतः स्वच्छ बनाया जा सकता है। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद और राजेश कुमार सहित निगम की टीम ने नागरिकों से कचरा कम करने और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की।

### अवैध शराब तस्करी के विरूद्ध पुलिस थाना बर की बडी कार्यवाही

- 08 पेटी अवैध देशी शराब व बीयर तथा परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट कार जब्त

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महानिरीक्षक पुलिस महोदय अजमेर रेंज अजमेर राजेन्द्रसिंह आईपीएस के आदेशानुसार व जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतनसिंह आई०पी०एस० के निर्देशानुसार भूपेन्द्र शर्मा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर व बंशीलाल पाण्डर आरपीएस वृताधिकारी वृत रायपुर के निकटतम सुपरविजन में शराब तस्करो के विरूद्ध थानाधिकारी पुलिस थाना बर पन्नालाल उप निरिक्षक के नेतृत्व में गठीत टीम द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही कर वाहन स्विफ्ट कार नम्बर फख22उ34778 से करीब 20,हजार रूपये किमत की 08 पेटी अवैध देशी शराब व बीयर बरामद परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट जब्त की गई। 08.अप्रैल .23026 को अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध थानाधिकारी पुलिस थाना बर पन्नालाल उप निरिक्षक पुलिस के निर्देशन में गठीत टीम द्वारा मुखबीर की ईतला पर सरहद कानुजा पर वाहन स्विफ्ट कार नम्बर RJ22CC4778 को नाकाबंदी कर रुकवाकर चालक 01 घनश्यामसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह जाति रावत निवासी उदयपुर रोड चुंगी नाका गंगा कॉलोनी पुलिस थाना साकेतनगर जिला ब्यावर 02. रोशन सिंह पुत्र दिनेशसिंह जाति रावत निवासी नुन्दरी मालदेव पावर हाउस के पीछे पुलिस थाना साकेतनगर जिला ब्यावर को दस्तयाब कर स्विफ्ट कार की तलाशी टीम द्वारा ली जाने पर वाहन स्विफ्ट के अन्दर कुल 08 कार्टुन में देशी अवैध शराब व बीयर जिनमें 144 पव्वे हिर रांझा स्ट्रॉग देशी मदिरा (03 पेटी) एंव KINGFISHER STRONG PREMIUM BEER कुल 60 (05 पेटी) की जब्ती कार्यवाही कर परिवहन में प्रयुक्त स्विफ्ट को जब्त किया गया। जब्त शुदा अवैध शराब की बाजार मे अनुमानित किमत करीब 20,हजार रूपये हैं।

### रुद्र सेना की अहम बैठक सम्पन्न, दिल्ली से आए सर्टिफिकेट, आईडी पदाधिकारियों को सौंपे गए



**चमकता राजस्थान/मनोज कुमार माली/सुसनेर।** राजस्थान के झालावाड़ जिले के झालरापाटन स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 8अप्रैल 2026 को रात्रि 8:00 बजे रुद्र सेना की एक महत्वपूर्ण एवं भव्य बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के पदाधिकारियों को दिल्ली से प्राप्त सर्टिफिकेट,आइडिया विधिवत रूप से प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रुद्र सेना के संपूर्ण भारत के राष्ट्रीय सचिव गौ सेवक लक्ष्मण सिंह हिंदू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन-जिन को संगठन द्वारा सर्टिफिकेट एवं पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे पूरी निष्ठा और निस्वार्थ भाव से रुद्र सेना के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि संगठन को प्रत्येक गांव, प्रत्येक जिले और प्रत्येक राज्य तक मजबूत रूप से पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ हो चुकी है, ऐसे में रुद्र सेना के सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर गौ माता के लिए पानी की टंकियां रखने का पुण्य कार्य करें, ताकि भीषण गर्मी में गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह सेवा कार्य समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

रुद्र सेना के कार्यकर्ता ने मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने एवं गौ सेवा के कार्यों को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जिसके उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी से झालावाड़ जिला सह संयोजक मुकेश सोनी ,रायपुर से तहसील अध्यक्ष कालू सुमन, असनावर से तहसील अध्यक्ष भारत सिंह मीणा, नगर सचिव हर्षित सेन, तहसील उपाध्यक्ष सिद्धार्थ वर्मा , नगर गोरक्षा प्रमुख प्रियांशु सोनी, तहसील सह गौ रक्षा प्रमुख पवन गॉड, नगर उपाध्यक्ष शुभम जांगिड़। अकतासा से तहसील उपाध्यक्ष सूरज सुमन व विष्णु सोनी आदि कार्यकर्ता ............मौजूद रहे इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमावत ने दी

## आज कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, दौसा द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा व जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, दौसा द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा व जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान संस्कृति स्कूल, मीणा रोजगार सेंटर, गुप्तेश्वर रोड तथा जिला अस्पताल के सामने महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को महिला सुरक्षा, कानून



संबंधी अधिकारों एवं पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें राजकोप सिटिजन ऐप के उपयोग के बारे में बताया गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है।

इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन, सड़क सुरक्षा, आत्म सुरक्षा के उपाय तथा महिला हेल्पलाइन 1090 व पुलिस कंट्रोल रूम 112 के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त की जा सके।

इस अवसर पर महिलाओं को महिला डेस्क, ऑपरेशन गरिमा, ऑपरेशन लाडली, सुरक्षा सखी अभियान एवं ऑपरेशन जागृति के बारे में भी अवगत कराया गया तथा बताया गया कि इन अभियानों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस निरंतर प्रयासरत है।

इसके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, गुड टच - बैड टच तथा पॉक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देकर बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

दौसा पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषकर महिलाओं व छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों एवं हेल्पलाइन सेवाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें सुरक्षित व सशक्त बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के चौथे दिवस पर बालिकाओं को करियर मार्गदर्शन




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिवस पर पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड, ब्यावर में करियर काउंसलिंग एवं जेंडर संवेदनशीलता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में प्रकाश क्लासेस के हरीश प्रकाश सोलंकी द्वारा बालिकाओं को विभिन्न विषय/संकाय चयन, उभरते हुए करियर क्षेत्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं प्रवेश प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बालिकाओं को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही करियर चुनने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान जेंडर आधारित भेदभाव एवं जेंडर संवेदनशीलता पर भी चर्चा की गई तथा बालिकाओं की जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन केंद्र प्रबंधक बरखा दगदी, दीपिका अहीर, उर्मिला कावरिया एवं कविता टाक द्वारा किया गया।

### अष्टम पोषण पखवाड़े का शुभारंभ, निकाली गई जागरूकता रैली



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्यावर द्वारा अष्टम पोषण पखवाड़े की शुरुआत गुरुवार को अजमेरी गेट से डाकघर व भगत चौराहे तक भव्य पोषण रैली निकालकर की गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ''कुपोषण मुक्त भारत'' एवं मातृ व बाल पोषण से संबंधित विभिन्न जागरूकता नारे लगाकर आमजन को संदेश दिया। अष्टम पोषण पखवाड़ा की इस वर्ष की थीम ''जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना'' निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य विशेष रूप से प्रारंभिक बाल्यावस्था, खासकर पहले 1000 दिनों में उचित पोषण, संवेदनशील देखभाल एवं खेल आधारित शिक्षा के माध्यम से बच्चों के संज्ञानात्मक एवं शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है।रैली के माध्यम से महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ताओं ने आमजन को पोषण के महत्व एवं कुपोषण से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, ब्यावर नीरू सांखला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नितेश यादव, महिला पर्यवेक्षक चंद्रकांता जोशी बर्फी मीना एवं सरिता मीना सहित विभागीय कार्मिक उपस्थित रहे।

### खेल महोत्सव 2026 का पारितोषिक वितरण के साथ समापन



**चमकता राजस्थान/मनीष माता/जोधपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारीयों के खेल महोत्सव का आयोजन खेलकूद समिति मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर द्वारा दिनांक 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक करवाया गया। खेलकूद समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि इस खेल महोत्सव में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकसी, शतरंज, कैरम बोर्ड, म्यूजिकल चेयर आदि खेलों का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में जोधपुर जिले में कार्यरत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। क्रिकेट में महात्मा गांधी अस्पताल, वॉलीबॉल में सीएमएचओ टीम, कबड्डी महिला व पुरुष वर्ग में उम्मेद अस्पताल, रस्साकसी महिला वर्ग में महात्मा गांधी अस्पताल व रस्साकसी पुरुष वर्ग में मथुरादास माथुर अस्पताल विजेता रहे। खेल महोत्सव के पारितोषिक वितरण एवं समापन समारोह का आयोजन डा. एस एन मेडिकल कॉलेज खेल मैदान पर किया गया। इस अवसर पर डा. बीएस जोधा प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डा. एस एन मेडिकल कॉलेज, डा. फतेह सिंह भाटी अधीक्षक महात्मा गांधी अस्पताल, डा. मोहन मकवाना अधीक्षक उम्मेद अस्पताल, डा. विकास राजपुरोहित अधीक्षक मथुरादास माथुर चिकित्सालय, मुकेश तेतरवाल प्रधानाचार्य राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय व हापुराम चौधरी प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ द्वारा सभी विजेता व उपविजेता रही टीमों व खिलाड़ियों को ट्राफी व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अरशद कुरैशी, श्री गोपाल व्यास, योगेंद्र पुरी, विजेंद्र सिंह मेड़तिया, पीयूष ज्ञानी, अशोक चौधरी, विजय कुमार शर्मा, प्रेमलता चौधरी, पुखराज छिपा, हंसराज गुर्जर, मुकेश चौधरी, किशन कुमार दादालिया, संजय चौधरी, गणपत पालीवाल सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन मंजू शर्मा द्वारा किया गया।

### रायसिंहनगर में युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर( संजय बिश्नोई)।** क्षेत्र में एक युवक पर कथित रूप से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस थाना में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।
प्रार्थना पत्र के अनुसार, घटना 9 अप्रैल 2026 को करीब सुबह 11:30 बजे की बताई जा रही है। आरोप है कि कुछ लोगों ने मिलकर एक युवक को पकड़ लिया और विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की। बताया गया है कि युवक के सिर पर वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और नीचे गिर पड़ा। शोर-शराबा होने पर अन्य परिजन मौके पर पहुंचे और बड़ी मुश्किल से उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। घायल युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आई महिला के साथ भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि न्याय मिल सके। फिलहाल, पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।

मेट्रो फेज-2 साबित होगा जयपुर शहर के विकास का ग्रोथ इंजन

# जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक

## शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र को मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

- भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप मेट्रो विस्तार की बनाएं योजना,
- जयपुर के प्रमुख मार्गों पर विकसित हो मेट्रो नेटवर्क : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- मुख्यमंत्री ने फेज-2 के पहले पैकेज में शीघ्र कार्य प्रारम्भ करने के दिए निर्देश
- डिपो निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का हो चयन
- पार्किंग सुविधाओं का करें समुचित विकास

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो फेज-2 जयपुर शहर के समग्र विकास का ग्रोथ इंजन सिद्ध होगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इस फेज की मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा एवं वीकेआई को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और आमजन को सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।
शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति एवं विस्तार को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने प्रहलादपुरा से टोडी मार्ग तक विकसित होने वाले इस फेज को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के आधार पर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित करने तथा इसके पहले पैकेज (प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक) के वर्क ऑर्डर शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अन्तर्गत डिपो निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने तथा पार्किंग सुविधाओं के समुचित विकास के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा एवं नियंत्रित लागत के साथ विकास आवश्यक है। उन्होंने फेज-1सी (बड़ी चौपड़-ट्रांसपोर्ट नगर) एवं फेज-1डी (मानसरोवर-अजमेर रोड चौराहा) की परियोजनाओं को गति देने के भी निर्देश दिए।
शर्मा ने जनसंख्या घनत्व एवं ट्रैफिक के दबाव को ध्यान में रखते हुए भविष्य में दिल्ली रोड एवं सीकर रोड सहित अन्य मार्गों की दिशा में मेट्रो विस्तार की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि जयपुर के प्रमुख मार्गों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाए।
बैठक में बजट वर्ष 2025-26 की अनुपालना एवं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमेर, जगतपुरा, बगराना (आगरा रोड) एवं आईएसबीटी हीरापुरा तक मेट्रो विस्तार के मास्टर प्लान का प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने जेडीए एवं जयपुर मेट्रो को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए बहुद्देशीय एलिवेटेड रोड परियोजना के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित मुख्यमंत्री कार्यालय, नगरीय विकास विभाग, जयपुर मेट्रो कॉर्पोरेशन, जेडीए एवं जयपुर जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माय भारत बजट क्वेस्ट प्रतियोगिता में पारस शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

चमकता राजस्थान

**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** 'माय भारत' संगठन द्वारा आयोजित 'बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता में पारस शर्मा पुत्र गोविंद शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता देश के युवाओं को केंद्रीय बजट की जटिलताओं को समझाने और उन्हें शासन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने के लिए शुरू की गई थी।

- **प्रतियोगिता के मुख्य चरण**

इस प्रतियोगिता को तीन महत्वपूर्ण चरणों में विभाजित किया गया था,



जिसमें पारस शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया:
ऑनलाइन क्विज़ (प्रथम चरण): देश भर के लगभग 12 लाख युवाओं ने इस क्विज़ में हिस्सा लिया। इसमें बजट, अर्थव्यवस्था और सरकारी नीतियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए थे।
निबंध लेखन (द्वितीय चरण): क्विज़ के आधार पर लगभग 1.16 लाख प्रतिभागियों को निबंध दौर के लिए चुना गया। पारस शर्मा ने 'विकसित भारत @2047' और 'बजट 2026' के दृष्टिकोण पर अपने विचार साझा किए।
राष्ट्रीय चयन उत्कृष्ट निबंधों और ज्ञान के आधार पर कुछ चुनिंदा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया है।
राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले इन मेधावी युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। इस चयन के माध्यम से पारस शर्मा जैसे युवाओं को देश की आर्थिक नीतियों को करीब से समझने और अपनी बात रखने का मंच मिला है।यह उपलब्धि न केवल पारस शर्मा के लिए बल्कि रायसिंहनगर और शैक्षणिक संस्थान के लिए भी गर्व का विषय है, जो अन्य युवाओं को राष्ट्रीय पहल में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगी। 'मेरा युवा भारत'युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है। यह संगठन युवाओं को उनकी क्षमता निर्माण और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ने के लिए है।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली

- **टिकाकरण का दिया संदेश मियासनी में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र के हुए कर्मचारी हुए शामिल**

**चमकता राजस्थान/राजू राम मेघवाल/चीफ ब्यूरो जोधपुर।** लूणी पंचायत समिति के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मियासनी व पीएचसी पलासनी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस जागरूकता रैली गांव में निकाली गई । रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के टिकाकरण लगाने का फायदा की जानकारी दी गई। हैल्थ आफीसर कोमल सारण, स्कूल के हैड मास्टर ओमप्रकाश जी,एनएचवी तारा गहलोत,एएनएम अचल कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गाजरी देवी,हित छात्र छात्राओं ने भाग लिया। रैली में स्वास्थ्य रहेंगे तो मस्त रहेंगे जैसे नारे लगाते हुए ग्रामीणों को स्वस्थ के बारे में नारे के साथ संदेश पूरे गांव में रैली निकाल कर दिया। समस्त आयोजन कर्ताओ के गांव गली व घर में साफ सफाई रखने के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों ने स्वस्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली की सराहना भी की। सभी आयोजन कर्ताओ का धन्यवाद ज्ञापित किया जो स्वास्थ्य की जानकारी शेयर करने की।

### खरगोन पुलिस ने दिन दहाड़े सुने घर में हुई चोरी की घटना का किया खुलासा

**चमकता राजस्थान/खरगोन।** घटना दिनांक 20.03.2026 को फरियादी निवासी ग्राम कंचनपुरा ने चौकी सेगाँव पर सूचना दी कि, दिनांक 19.03.2026 को जब उनका परिवार दिन में ग्राम पनाली खेत पर गेंहु निकालने गया था तभी पड़ोसियों ने बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला है वापस आकर देखने पर अलमारियों का सामान बिखरा पडा था साथ ही सोने एवं चांदी के आभूषण गायब थे जिससे ज्ञात हुआ कि कोई अज्ञात व्यक्ति हमारे घर से सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर चौकी सेगाँव पर अपराध क्रमांक 27/26 धारा 331(3),305 (ए) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।पुलिस कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिन दहाड़े सुने घर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ऊन निरीक्षक श्री दिनेश सोलंकी के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सेगाँव उनि श्री गजेन्द्र सिंह चौहान व सेगाँव पुलिस टीम से पुलिस टीम का गठन किया जाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर उनकी धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

### सुसनेर पुलिस की चालानी कार्रवाई हाथी दरवाजा मार्ग पर खड़े वाहनों परहुई कार्रवाई




**चमकता राजस्थान/मनोज कुमार माली/सुसनेर।** सुसनेर नगर में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पार्किंग को लेकर लोगों ने रोड पर खड़े करें लोडिंग वाहन की नियत्तम व्यवस्था को देखते हुए सुसनेर नगर की पुलिस ने हाथी दरवाजा मार्ग पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ सुसनेर पुलिस ने विशेष चालानी अभियान चलाया। यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने और आमजन को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई।
पुलिस टीम ने सड़क पर बाधा उत्पन्न कर रहे वाहनों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालान बनाए। इस दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़े करने की समझाइश भी दी। सुसनेर पुलिस ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में ठरर के तहत 'दाना-पानी अभियान' का हुआ शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/धौलपुर।** भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के संरक्षण हेतु बुधवार को राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की सभी इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'दाना-पानी अभियान' का औपचारिक शुभारंभ किया गया।
अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गिर्राज सिंह मीणा द्वारा परिसर के वृक्षों पर परिंडे बांधकर और उनमें दाना-पानी भरकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। बढ़ते तापमान में पक्षियों के लिए दाना और पानी जुटाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से आ''ान किया कि वे न केवल महाविद्यालय, बल्कि अपने घरों और छतों पर भी नियमित रूप से परिंडे लगाएं।
अभियान की मुख्य विशेषताएं:
परिंडे वितरण: NSS स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में मिट्टी के परिंडे बांधे।
जन-जागरूकता: स्वयंसेवकों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों को इस पुण्य कार्य से जोड़ने हेतु जागरूक किया जाएगा। Nss कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवक रामकेश कुशवाहा मसूदपुर ने अभियान से जुड़ी मुख्य विशेषताओं और पक्षी संरक्षण के तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'दाना-पानी अभियान' का उद्देश्य केवल परिंडे लगाना ही नहीं, बल्कि एक ऐसी कार्यप्रणाली विकसित करना है जिससे पक्षियों को साल भर सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गिर्राज सिंह मीणा,ठरर कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी डॉ सोहराब शर्मा, ठरर प्रभारी राजेश गुर्जर, पंकज मीणा,डॉ वीडी पाराशर, रीता मेम, शैली मेम एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### वरकाणा में नवकार मंत्र जाप का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** आज विश्व नवकार महा मंत्र दिवस के पावन अवसर पर श्री पार्श्वनाथ जैन विद्यालय, वरकाणा में नवकार मंत्र जाप का भव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण यह रहा कि विद्यार्थियों को जैन गवली के आकार में व्यवस्थित बैठाकर सामूहिक नवकार मंत्र जाप कराया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण शांति, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रख्यात कवि युगराज जैन ने विद्यार्थियों को नवकार मंत्र का अर्थ समझाते हुए उसके गूढ़ आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह मंत्र आत्मशुद्धि, सकारात्मक सोच एवं जीवन में संतुलन का आधार है। विशिष्ट अतिथि सी.ए. नथमल गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य, आंतरिक शांति एवं एकाग्रता के लिए प्रतिदिन नवकार मंत्र का जाप करना चाहिए।
इस अवसर पर जीतो (JITO) द्वारा सभी विद्यार्थियों को विशेष किट वितरित किए गए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम में सह सचिव उमेश भंडारी, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौड़, अमिता गांधी, दिनेश चौधरी, सचेंद्र बोहरा, सुनीत चतुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक जाप किया और आयोजन को सफल बनाया। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक जागरूकता का प्रतीक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सकारात्मक जीवन दृष्टि के विकास हेतु एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

# प्रशिक्षण महाभियान : सांसद पटेल और विधायक मेव ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, कहा- घर-घर पहुंचाएं सरकार की योजनाएं

चमकता राजस्थान




**लखन ठाकुर/महेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी के 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के अंतर्गत महेश्वर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से मंथन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए खरगोन-बड़वानी सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल और क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए उन्हें जनसेवा का संकल्प दिलाया। सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और वैश्विक पटल पर भारत की एक नई पहचान बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विशेष आग्रह किया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए वे सजग होकर घर-घर जाएं और जनता को लाभान्वित कराएं। वहीं विधायक राजकुमार मेव ने संगठन की संरचना और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण सत्र कार्यकर्ताओं के ज्ञान, कौशल और नेतृत्व क्षमता को निखारने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सार्थक चर्चा के दौरान कार्यकर्ताओं से आ''ान किया कि संगठन को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने के लिए केंद्र व राज्य की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना अनिवार्य है। विधायक मेव ने कहा कि जब कार्यकर्ता सशक्त होगा, तभी संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, विवेक भटोरे, जिला मंत्री सिंधु जोशी, मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक डाबर और नारायण पाटीदार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खरगोन पुलिस ने अवैध जुआ खेलने वालों के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

चमकता राजस्थान

खरगोन। घटना दिनांक 07.अप्रैल.2026 को पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, कुछ लोग इण्डियन लॉज कसरावद में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में थाना कसरावद से पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान इण्डियन लॉज कसरावद में दबिश डालने हेतु तत्काल रवाना किया गया ।पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई, जिसमें पुलिस टीम ने मौके पर जुआ खेलते 05 आरोपियों को पकड़ा । पकड़ में आए आरोपियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम विक्रम पिता शान्तिलाल वर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी नया बस स्टैण्ड कसरावद, सुनील पिता जगदीश उम्र 42 साल निवासी मौलाना आजाद मार्ग महेश्वर, फिरदोश पिता शेख इब्राहिम उम्र 49 वर्ष निवासी पुराना स्टेट बैंक के पास महेश्वर, जावेद पिता मोहम्मद उम्र 49 वर्ष निवासी मोमीनपुरा महेश्वर एवं जितेन्द्र पिता शंकर लाल उम्र 50 वर्ष निवासी पाटीदार मोहल्ला कसरावद का होना बताया ।मौके पर मिले उक्त पाँच आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम को कुल 73,400/- रुपये नगदी, 01 मोटर साइकल कीमती लगभग 50,000/- रुपये व ताश पत्ते मिले जिसे पुलिस टीम ने नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपीयो के विरुद्ध थाना कसरावद पर अपराध क्रमांक 119/26 धारा 13 जुआ एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### सांसद दुष्यंत सिंह की जनसंवाद यात्रा को वसुंधरा राजे ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**चमकता राजस्थान/डग-8अप्रेल(कुन्दन व्यास)।** आज काम खेड़ा बालाजी से पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने झालावाड़ बारां लोकप्रिय सांसद राजा साहब दुष्यंत सिंह की चतुर्थ चरण की जन संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। और साथ ही डग-सुकेत SH-19A सड़क का नवीनीकरण कार्य ( राशि 42.89 करोड़)एवं भेसाझर माइक्रो सिंचाई परियोजना और किशन नगर लघु सिंचाई परियोजना निर्माण कार्य का शिलान्यास वसुंधरा राजे सिंधिया के कर कमलो द्वारा किया गया ।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल जिले एवं मण्डल पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओ के साथ उपस्थित रहे।

### पढ़ाई कभी बेकार नहीं जाती : अविनाश शर्मा

- ........ज्ञान का कोई अंत नहीं, हर सीखा हुआ पाठ एक दिन काम आता है,

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** जयपुर आदर्श ज्ञान स्कूल कॉलेज एजुकेशन समूह के अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने कहा है कि जीवन में प्राप्त की गई शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती पढ़ाई चाहे किसी भी रूप में हो, वह इंसान के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होती है, कोई भी ज्ञान छोटा या बड़ा नहीं होता और वह व्यक्ति के भीतर विचार शीलता समझदारी और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता पैदा करता है ,पढ़ाई का असर स्फिर्फ परीक्षा में अच्छे अंक पाने तक नहीं सीमित नहीं होता, बल्कि यह जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है



शिक्षा का महत्व जीवन भर रहता है

किसी भी रूप में प्राप्त किया हुआ ज्ञान उपयोगी होता है, पढ़ाई सोचनेऔर समझने की क्षमता को बढ़ती है। शिक्षा चुनौतियों के सामने करने में मदद करती है, पढ़ाई का लक्ष्य केवल अंक प्राप्त करने में नहीं बल्कि जीवन सुधारना है

### विश्व होम्योपैथी दिवस 10 अप्रैल को होम्योपैथी के बढ़ते आयाम

- आज होम्योपैथी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है।

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** भारत में करीब चौदह लाख पंजीकृत होम्योपैथिक चिकित्सक,300 होम्योपैथिक अस्पताल,10 हज़ार होम्योपैथी औषधालय एवम 300 होम्योपैथिक शिक्षण संस्थान हैं।

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग(NCH) शिक्षा और अभ्यास को विनियमित करता है जिसने 1973 के पूर्ववर्ती अधिनियम को आधुनिक 2020 अधिनियम में परिवर्तित किया है ताकि एक पारदर्शी और वैज्ञानिक प्रक्रिया से संचालित नियामक प्रक्रिया के अनुसार होमियोपैथिक शिक्षा, चिकित्सा और अनुसंधान का आधुनिकरण और सुधार किया जा सके।



10 और 11 अप्रैल 2026 को राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग एवम केंद्रीय होम्योपैथी परिषद विज्ञान भवन दिल्ली में अपनी सबसे बड़ी होम्योपैथी संगोष्ठी आयोजित कर रहा है। होम्योपैथी में अनुसंधान के लिए केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद(उउफ्ल) 35 से अधिक शोध संस्थान और ओ पी डी संचालित करती है जो साक्ष्य आधारित होम्योपैथी को बढ़ावा देता है।

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति पर करीब 230 वर्षों से विश्वभर के लाखों लोग सुरक्षित और समग्र दृष्टिकोण के लिए भरोसा करते हैं

और हर साल 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाकर होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनिमेन की जयंती मनाते हैं,भारत में इस दिन का विशेष महत्त्व है क्योंकि देश में 10 करोड़ से अधिक लोग इस उपचार पद्धति को अपनाते हैं।

उप मुख्यमंत्री के स्वागत में रेण में हुई विशाल धन्यवाद सभा

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दी मेड़ता में 77.58 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

## रेण रेलवे ओवरब्रिज से अजमेर- बीकानेर के मध्य यातायात होगा सुगम - दिया कुमारी







चमकता राजस्थान

**नागौर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरुवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रेण में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर लगभग 77.58 करोड़ की लागत की दो सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं एक परियोजना का शिलान्यास किया ।

उप मुख्यमंत्री के स्वागत में आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आप की भी जिम्मेदारी है कि सरकार की दिशा में कदम से कदम मिलाकर काम करते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने जनसभा में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को खुश होना चाहिए कि आपके लिए संसद में भी आरक्षण मिलने वाला है। इसके लिए महिलाओं को दिवाली मनानी चाहिए, उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने मातृशक्ति को वंदन करते हुए कहा कि आपके लिए बहुत अच्छा अवसर आने वाला है ।उन्होंने महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखकर आभार भी जताया। इस दौरान उन्होंने आमजन व मेड़ता विधायक की मांग पर विभिन्न ग्रामीण सड़कों का निर्माण करवाने का भी आश्वासन देते हुए कहा कि वे विकास कार्यों में अपना शत प्रतिशत योगदान देंगी ।उन्होंने कहा कि मेड़ता में पैनोरमा का काम बेहतरीन तरीके से होगा।

उन्होंने कहा की आज ऐसा लग रहा है कि पुरानी यादें ताजा हो गई,जनता के बीच वही सम्मान, वही आशीर्वाद है, जिससे मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझती हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी समय में भी खूब विकास कार्य किए जाएंगे।

- **विकास कार्यो से यातायात होगा सुगम**

उन्होंने कहा कि रेण में अजमेर- बीकानेर के राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर 870 मीटर लम्बे व 15 करोड़ की लागत से बने ओवरब्रिज से अजमेर, मेड़ता, नागौर व बीकानेर के आमजन को जाम से राहत मिलेगी।

इस दौरान उन्होंने मेड़ता सिटी-गोटन-आसोप के बीच 42.50 करोड़ की लागत से बनी 34 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया। वहीं उन्होंने डांगावास से कुड़की के बीच 10.08 करोड़ की लागत से बनी 9.80 किलोमीटर सड़क के चौड़ाई एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण तथा बेदावड़ी खुर्द से इग्यासनी के बीच 25 करोड़ की लागत से बनी 32 किलोमीटर सड़क के चौड़ाई एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान रामधन पोटलिया, रिछपाल मिर्धा व खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा ने भी सभा को संबोधित किया तथा मेड़ता विधायक लक्ष्मणराम कलरू ने क्षेत्र की मांगों से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### सांचौर में शिक्षा विभाग की मासिक निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान

**सांवलाराम चौधरी जालोर/सांचौर।** बुधवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सांचौर में शिक्षा विभाग ब्लॉक की मासिक निष्पादन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमती विमला यादव ने की।



बैठक में सांचौर पंचायत समिति क्षेत्र के सभी पीईईओ (प्रधानाचार्य) ने सक्रिय रूप से भाग लिया।


मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमला यादव ने बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सघन प्रवेशोत्सव अभियान, हाउसहोल्ड सर्वे, नवीन सत्रारंभ, नामांकन वृद्धि, शाला दर्पण अपडेट, ब्लॉक रैंकिंग, शाला संबलन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, लाडो प्रोत्साहन योजना, मध्याह्न भोजन (एमडीएम) संचालन, जर्जर भवनों की सुरक्षा तथा शिक्षकों के समय पर वेतन भुगतान जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी घनश्याम वैष्णव ने संस्था प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्रारंभ के साथ ही नवीन प्रवेश कार्यक्रम जोर-शोर से शुरू हो गया है। ₹कोई भी बालक या बालिका शिक्षा के द्वार से वंचित नहीं रहना चाहिए।₹ उन्होंने हर घर का सर्वे कर प्रवेश योग्य बालक-बालिकाओं की पहचान करने और उन्हें स्कूल में नामांकित करने पर विशेष जोर दिया।

अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पोपट लाल ने निर्देश देते हुए कहा कि ₹किसी भी स्थिति में कोई भी घर हाउसहोल्ड सर्वे से छूटना नहीं चाहिए।₹ उन्होंने सभी फील्ड अधिकारियों को नामांकन वृद्धि और डोर-टू-डोर सर्वे पर पूर्ण ध्यान केंद्रित करने का आ''ान किया।

आरपी मनोहर लाल बिश्नोई ने जिला रैंकिंग में सांचौर ब्लॉक की प्रगति की जानकारी दी और इस वित्तीय वर्ष में नामांकन को पिछले वर्षों की तुलना में दस प्रतिशत वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया। विद्यालय में पानी की उपलब्धता शौचालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें आदि कार्यों से अवगत करवाया गया।उन्होंने वर्कबुक वितरण पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बालक-बालिका को वर्कबुक में नियमित कार्य करना चाहिए तथा संस्था प्रधान गृहकार्य की जांच कर समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### प्रशासनिक लापरवाही से प्यासा रामगढ़ मुराडाः 2.17 करोड़ खर्च, फिर भी पानी नहीं!



**चमकता राजस्थान/रामसिंह मीणा /गंगापुर सिटी। रामगढ़ मुराडा।** सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का हाल रामगढ़ मुराडा गांव में पूरी तरह से फेल होता नजर आ रहा है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गांव के लोगों को आज तक पीने का पानी नसीब नहीं हुआ है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और वे इसे सीधे-सीधे भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही का मामला बता रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, योजना के तहत गांव में पानी की टंकी बनाई गई, बोरवेल भी करवाया गया और लगभग 2.17 करोड़ रुपये सरकारी खजाने से खर्च किए गए। लेकिन हकीकत यह है कि आज भी गांव के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि सरकार द्वारा लगाए गए हैंडपंप भी खराब पड़े हैं और उनकी मरम्मत तक नहीं करवाई जा रही।

ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग पीएचईडी (ढ४ॣ' ल्ीं'इँ एल्ल्ॅील्ली१ल्ल ऊस्रं१३ेील्ल३) को शिकायत दी, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि अधिकारी केवल कागजों में काम पूरा दिखाकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर गंगापुर सिटी के विधायक रामकेश मीणा एसडीएम गंगापुर सिटी और जिला कलेक्टर को भी कई बार लिखित शिकायतें सौंपी हैं। इसके बावजूद आज तक न तो कोई जांच हुई और न ही समस्या का समाधान निकाला गया।

ग्रामीणों का कहना है कि जब सुविधा देनी ही नहीं थी तो आखिर इस योजना को पास क्यों किया गया? क्या सरकारी योजनाएं सिर्फ भ्रष्टाचार करने का जरिया बन गई हैं? क्या जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार केवल पैसे हड़पने के लिए ही ऐसे प्रोजेक्ट लाते हैं?

अब गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पानी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### विश्व शांति नवकार जाप पाल रोड में आस्था का सैलाब उमड़ा

#### नवनिर्मित होने वाले आदिनाथ नगर चल जैन मंदिर में गुंजा नवकार महामंत्र

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर।** विश्व कल्याण हेतु एक विश्व एक महामंत्र और शांति के कड़ी मे विश्व शांति कल्याण जाप प्रातः 8.01 से 9.36 बजे तक जाप मे श्रावक श्राविका श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर नवकार जाप पाल रोड़ आदिनाथ नगर मैं बन रहे नवनिर्मित चल जैन मंदिर में श्रद्धा आस्था से माहौल नवकारमय हो गया।। संघ के नरेश हिरण व धनराज विनायकिया ने जितो द्धारा 108 देशों मे हो रहे नवकार जाप की अनुमोदना करते कहा यह केवल एक आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक शक्ति और धर्म की महानता का एक अनुपम अवसर है। यह आयोजन केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सकल समाज के हर वर्ग के श्रद्धालु इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मिलकर नवकार महामंत्र के दिव्य स्वर को सम्पूर्ण विश्व में गुंजायमान किया।नवकार जाप पशचात सामूहिक चैत्य वंदन व आरती की गई।



संरक्षक बाबूलाल बोहरा गोतम सिंघवी अमरचंद लोढा प्यारेलाल हिरण विनायकिया ने श्री नवकार सोसायटी परिवार के साथ उपक्षेत्रों को बडी संख्या मे इस पावन पर्व में साक्षी बनने व अपने जीवन का अमुलय समय भगवान महावीर के समर्पित करने पर सभी का आभार जताया। अंत में श्री संघ पूजन प्रभावना की गई।

## झोपड़ी से निकलकर बड़े संस्थानों तक पहुंचे सपने, बच्चों ने देखा उज्जवल भविष्य का नया रास्ता

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** जब एक बच्चा, जिसने अब तक जिंदगी को केवल अभावों में देखा हो, पहली बार किसी बड़े कार्यालय, विद्यालय या संस्थान के अंदर प्रवेश करता है, तो केवल उसकी आँखें ही नहीं, बल्कि उसके सपने भी बदल जाते हैं। ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब हर घर शिक्षा संस्था द्वारा जिलास्तरीय वार्षिक कौशल बाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कई ऐसे बच्चे शामिल थे, जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, वहीं कुछ बच्चे ऐसे भी थे, जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। जो बच्चे अब तक अपनी झोपड़ी और छोटे से गांव तक सीमित थे, उन्होंने पहली बार बड़े संस्थानों और ऐतिहासिक स्थलों को नजदीक से देखा। भ्रमण की शुरुआत पुलिस थाना बाड़ी से हुई, जहां थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों को थाना परिसर का अवलोकन कराया। पुलिस कार्यप्रणाली को समझते हुए कई बच्चों के मन में वर्दी पहनने का सपना जाग उठा। इसके बाद पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बच्चों ने अनुशासन, आधुनिक सुविधाओं और शिक्षा के उच्च स्तर को देखा, जिससे उनके भीतर आगे बढ़ने की नई प्रेरणा उत्पन्न हुई। केंद्रीय मिलिट्री विद्यालय में अनुशासन और देशभक्ति का अनुभव करने के साथ ही सरकारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों से संवाद कर कई बच्चों ने चिकित्सक बनने का संकल्प लिया। समाजसेवी मन्नू मीणा जैन द्वारा कराए गए स्नेहपूर्ण भोजन ने बच्चों के मन में अपनापन और सहयोग की भावना को और मजबूत किया। एसपी कार्यालय में अधिकारियों से सीधा संवाद बच्चों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। एडिशनल एसपी वैभव कुमार शर्मा के प्रेरक उद्बोधन ने बच्चों में आत्मविश्वास का संचार किया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने साइंस म्यूजियम में विज्ञान की जानकारी प्राप्त की तथा मचकुंड और तालाबशाही जैसे ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ाव महसूस किया।



पूरे दिन बच्चों के चेहरों पर खुशी, आश्चर्य और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। संस्था के संस्थापक रोहित मीणा ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को बड़े सपने देखने का अवसर प्रदान करना है। इस आयोजन में प्रशासन, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं स्थानीय सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। क्षेत्रवासियों ने इसे वंचित बच्चों के जीवन में आशा और प्रेरणा जगाने वाला ऐतिहासिक प्रयास बताया।

## न्यूज अपडेट

### तीन वर्ष की बेटी की कातिल निकली मां!

- आगरा के नाले में फेंकी लाश, पिता ने बताई हैरान करने वाली वजह



**आगरा।** यमुना आरती स्थल पर नाले में मिली मासूम बच्ची की हत्या उसकी मां ने ही की थी। पुलिस ने आरोपित मां खुशी को गिरफ्तार कर लिया है। नगला धाकरान निवासी बच्ची के पिता रामू धाकड़ ने बताया कि उनकी शादी नवंबर 2023 में बिहार के हरीनगर निवासी ममता से हुई थी। नवंबर 2024 में बेटी खुशी का जन्म हुआ था।पत्नी किसी युवक से फोन पर बात करती थी और कई बार घर से बिना बताए चली जाती थी। मंगलवार सुबह पति रामू चेन बनाने के कारखाने में कम करने गया था। 11 बजे के करीब ममता बेटी खुशी को डॉक्टर को दिखाने के बहाने लेकर गई थी। इसके बाद वापस नहीं लौटी। उसने पुलिस से शिकायत की थी। इसके बाद देर रात थाना छत्ता पुलिस ने फोटो दिखाकर शिनाख्त की। पुलिस मां से पूछताछ कर रही है। पिता का कहना है कि अवैध संबंधों के चलते ही उसने बेटी को मार दिया।

### दिल्ली में बेड बॉक्स में मिली महिला की लाश

- प्रेमी से मिलने पहुंची थी पीजी; 3 आरोपी



**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के मंगोल पुरी इलाके से सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां एक महिला का शव पीजी के कमरे में बेड बॉक्स के अंदर छिपा हुआ मिला। घटना की सूचना पुलिस को 7 अप्रैल को पीसीआर कॉल के जरिए मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पत्थर मार्केट स्थित एक इमारत की तीसरी मंजिल पर अमरजीत नामक व्यक्ति पीजी चलाता है। इसी पीजी के एक कमरे में करीब 35 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ, जिस पर गला दबाने के निशान और माथे पर चोट के निशान पाए गए। मौके पर दिल्ली पुलिस की क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शुरूआती जांच में सामने आया कि मृतका का एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। 7 अप्रैल को शाम करीब 4:30 बजे वह आरोपी से मिलने पीजी पहुंची थी। दोनों करीब एक घंटे तक कमरे में रहे। इसके बाद आरोपी वहां से चला गया। कुछ समय बाद पीजी चलाने वाले को शक हुआ, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान सुरेंद्र उर्फ बॉबी, जोगिंदर और दीपक के रूप में हुई है, जो सभी मंगोलपुरी इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस के मुताबिक, हत्या के पीछे प्रेम संबंध और आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और हत्या के सटीक कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### 12 अप्रैल को कुम्हारटोली सेवा समिति लगायेगी नि:शुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर



**देवघर।** संताल परगना की सेवा संस्थानों में अग्रगण्य संस्था कुम्हार टोली सेवा समिति एवं मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सौजन्य से 12 अप्रैल दिन रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक महिला विकास मंडल (जैन मंदिर के सामने गली) में निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर का आयोजन करेगी। उक्त जानकारी कुमम्हारटोली व्यवस्थापक गोपाल राम मंडल ने दी। श्री मंडल ने कहा कि जिन नेत्र रोगियों को नेत्र जांच करवानी हो वे अपना कुम्हारटोली के नरसिंह सिनेमा हॉल के सामने स्थित चिकित्सालय में आके कार्ड बनवा सकते हैं। श्री मंडल ने आगे कहा कि यह शिविर कोलकाता के मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सहयोग से लगाई जाएगी जिसमें कोलकाता के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच की जायेगी। जिन्हें चश्मे की जरूरत पड़ेगी उन्हें मुफ्त में चश्मा दिया जायेगा, जिनका मोतियाबिंद निकलेगा उन्हें कोलकाता के अस्पताल में मुफ्त में ऑपरेशन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविन्द राम अग्रवाल अध्यक्ष मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी, कोलकाता, विष्णु दास मित्तल, उपाध्यक्ष मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी, कोलकाता व सुभाष मुरारका मुख्य सचिव कुम्हारटोली सेवा समिति व गोपाल राम मंडल जुटे हुए हैं। नेत्र जांच कराने वाले लोगों का निबंधन नरसिंह सिनेमा के सामने कुमम्हारटोली चिकित्सालय में हो रहा है।

### टेल्को में नाबालिग की गिरफ्तारी पर विवाद, परिजनों ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

जमशेदपुर। टेल्को थाना क्षेत्र में एक युवक की गिरफ्तारी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उनके 16 वर्षीय नाबालिग बच्चे को 19 वर्ष का बताकर बालिग दिखाया गया और उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने युवक को 10 जिंदा गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। हालांकि अब इस मामले में नया मोड़ आ गया हैलने की अनुमति मिली। इससे परिवार में नाराजगी और चिंता का माहौल है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि उनका बच्चा नाबालिग है, तो उसके साथ किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई होनी चाहिए थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। घटना ने पुलिस कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बीआईटी मेसरा को मिला 'प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड', झारखंड का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय घोषित

**रांची।**



बीआईटी मेसरा को वेटरन्स इंडिया द्वारा प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड्स के अंतर्गत झारखंड का सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय घोषित किया गया है। यह सम्मान संस्थान को छात्र विकास, सामुदायिक सहभागिता, नेतृत्व निर्माण तथा कक्षा के बाहर मूल्य-आधारित शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। वर्ष 2015 में स्थापित वेटरन्स इंडिया एक राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है, जिसका नेतृत्व भारतीय सशस्त्र बलों के पूर्व सदस्यों द्वारा किया जाता है। यह संगठन देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर युवाओं के विकास एवं नेतृत्व निर्माण से जुड़े कार्यक्रम संचालित करता है। प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड्स इसी पहल के अंतर्गत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड, भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा शिक्षा प्रोत्साहन सोसाइटी आफ इंडिया जैसे शैक्षणिक संगठनों के सहयोग से प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से उन संस्थानों को मान्यता दी जाती है, जो शैक्षणिक गतिविधियों से आगे बढ़कर छात्र विकास एवं सामाजिक सहभागिता में योगदान देते हैं। बीआईटी मेसरा एक गैर-सरकारी वित्तपोषित तकनीकी संस्थान एवं डीम्ड विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी। यह संस्थान अभियांत्रिकी, विज्ञान, प्रबंधन एवं शोध शिक्षा के क्षेत्र में एक समृद्ध परंपरा रखता है। देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल बीआइटी मेसरा ने स्पेस इंजीनियरिंग एवं राकेट्री साइंस जैसे उन्नत कार्यक्रमों की शुरुआत करने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

## अमेरिका-ईरान सीजफायर पर संजय राउत का बड़ा बयान

### अब इस्लामाबाद की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके लिए पीएम मोदी जिम्मेदार

**मुंबई।**

ईरान महायुद्ध के 40वें दिन सीजफायर की घोषणा की गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की डेडलाइन खत्म होने से डेढ़ घंटे पहले दो हफ्ते का सीजफायर घोषित किया गया। दोनों तरफ से हमले अब रुक गए हैं। ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की अपील पर उन्होंने हमले के टाल दिया।इस पर शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत की प्रतिक्रिया सामने आई है। संजय राउत ने कहा, 'सीजफायर का श्रेय पाकिस्तान को मिल रहा है। ये भारत के लिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बहुत ही शर्मिंदा करने वाली बात है। पाकिस्तान को हम हमेशा कंगाल देश कहते हैं। जब पाकिस्तान की मध्यस्थता की बात सामने आ गई तो विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि ये 'दलाल राष्ट्र' है और हम दलाली नहीं करते। अच्छी बात है, आप दलाली नहीं करते लेकिन इतना बड़ा देश है, आप अपनी भूमिका स्पष्ट नहीं कर पाए।' इसके आगे उन्होंने कहा, लेकिन उसी दलाल राष्ट्र को प्रसिडेंट ट्रंप बोलते हैं थैंक्यू पाकिस्तान। इस युद्ध से पूरा विश्व सदमे में आया। अब इस्लामाबाद में शांति वार्ता चलेगी और वर्ल्ड मैप पर पाकिस्तान को महत्व मिलेगा। जिस इस्लामाबाद में आप ऑपरेशन सिंदूर पर झंडा फहराने वाले थे। तीनों देशों ने पाकिस्तान को थैंक्स कहा है।अब इस्लामाबाद की प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके लिए पीएम मोदी जिम्मेदार हैं। इस युद्ध से ट्रंप भी थक चुके हैं। ईरान जैसे राष्ट्र ने ट्रंप को थकाया है। ट्रंप की बॉडी लैंग्वेज देखिए। नेतन्याहू भी थक चुके हैं। गल्फ के सभी राष्ट्र थक चुके हैं लेकिन ईरान नहीं थका है।

## एनएसयूआई स्थापना दिवस पर विशाल ''रन फॉर रोजगार'' मैराथन का आयोजन




**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता/जोधपुर।** एनएसयूआई के स्थापना दिवस पर गुरुवार को एनएसयूआई जोधपुर द्वारा ''रन फॉर रोजगार'' के तहत 5 किलोमीटर लंबी विशाल मैराथन का आयोजन शहर जिला अध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में किया गया। जयनारायण व्यास केंद्रीय छात्रसंघ कार्यालय से शुरू हुई इस मैराथन को बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, जोधपुर लोकसभा प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार वर्मा एवं नगर निगम उत्तर पूर्व महापौर कुंती देवड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन अरोड़ा सर्किल, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय हेड ऑफिस, वीर दुर्गादास ब्रिज, मेडिकल चौराहा सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः केंद्रीय छात्रसंघ कार्यालय पहुंचकर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। मैराथन में जोधपुर सहित मारवाड़ क्षेत्र के जैसलमेर, बाड़मेर व आसपास के जिलों से हजारों युवाओं ने भाग लेकर इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया। ''रोजगार दो'' के गूंजते नारों के बीच युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और उन्होंने अपनी मांगों को जोरदार तरीके से उठाया। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में विजेताओं को 11,000, 7,100 एवं 5,100 की नगद राशि से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट व प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सहयोगी शिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों के लिए जलपान की भी समुचित व्यवस्था रही। मैराथन में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के लिए भारत सेवा संस्थान की एंबुलेंस पूरे मार्ग पर तैनात रही तथा डॉ. नमन परिहार व उनकी मेडिकल टीम प्रतिभागियों की स्वास्थ्य निगरानी में जुटी रही। डॉ. बबलू सोलंकी ने बताया कि चुनावों के दौरान किए गए रोजगार के वादे आज भी अधूरे हैं, जिसके कारण युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है। ''रन फॉर रोजगार'' के माध्यम से युवाओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए सरकार को चेतावनी दी है कि अब युवा अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक हो चुका है।

## हैदराबाद में पवन खेड़ा के आवास के बाहर लगे बैरिकेड्स, सुरक्षा बल तैनात



**हैदराबाद।**

असम की पुलिस पिछले कई दिनों से एक सवाल लगातार पूछ रही है कि पवन खेड़ा कहां है। जानकारी के अनुसार उनको आखिरी बार 5 अप्रैल को सार्वजनिक रूप से देखा गया था। जब उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत सरमा की पत्नी, रिंकी भुयान सरमा पर तीन पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था।इसके साथ ही दुबई में कुछ ऐसी आलीशान संपत्तियों का मालिक होने का आरोप लगाया था। जिनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं गई है। इसके अलावा अमेरिका के व्योमिंग में एक कंपनी होने का भी आरोप लगाया था। इसके बाद से वह लापता है। बता दे कि यह असम चुनावों से चार दिन पहले की बात है।इसके बाद उनके खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया शुरू हो गई। दो दिन बाद, मंगलवार को, असम पुलिस की एक टीम नई दिल्ली के निजामुद्दीन ईस्ट स्थित कांग्रेस नेता के घर पहुंची। जहां पुलिस को पता लगा कि कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख खेड़ा उस समय हैदराबाद में थे। घर में लगभग दो घंटे की तलाशी के बाद, पुलिस कुछ सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ वहां से चली गई। यह तलाशी सरमा की पत्नी द्वारा सोमवार को इसी मामले में दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद की गई थी। वहीं, बुधवार को असम पुलिस ने कहा कि वे अभी भी पवन खेड़ा का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच हैदराबाद में, पुलिस ने बंजारा हिल्स में पवन खेड़ा और उनकी पत्नी नीलिमा के घर के बाहर बैरिकेड लगा दिए हैं और पुलिस बल तैनात कर दी है। शहर पुलिस के सूत्रों का कहना है कि असम पुलिस ने अभी तक उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर असम पुलिस आती है और नोटिस देती है, तो वे सहयोग करेंगे। इसके अलावा सूत्रों की माने तो पवन खेड़ा गिरफ्तारी से राहत के लिए कोर्ट जा सकते हैं। बता दे कि हिमंत सरमा ने मंगलवार को तंज कसते हुए कहा कि, 'वह हैदराबाद भाग गए हैं, लेकिन कानून अपना काम करेगी। असम पुलिस पाताल से भी लोगों को ढूंढकर ला सकती है।

## अफीम की खेती को लीगल करेंगे...

- नवजोत कौर का किसानों से वादा; पंजाब की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी बीआरपी

**चंडीगढ़।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नई राजनीतिक दिशा के संकेत दिए। उन्होंने साफ कहा कि उनकी पार्टी (भारतीय राष्ट्रवादी पार्टी) पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और चुनावी फोकस किसानों की आय बढ़ाने पर रहेगा, जिसमें सबसे बड़ा कदम अफीम की खेती को वैध करने का प्रस्ताव है। डॉ. सिद्धू ने कहा कि मौजूदा समय में अफीम का इस्तेमाल दवाओं में बड़े स्तर पर होता है, लेकिन इसकी आपूर्ति अवैध तरीकों से हो रही है। जब यह फसल दवाइयों के लिए जरूरी है, तो हमारे किसान ही इसे क्यों न उगाएं? अभी लोग चोरी-छिपे बाहर से अफीम लाते हैं, हम इसे नियंत्रित और कानूनी ढांचे में लाकर किसानों को फायदा देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस मॉडल पर उनकी टीम विदेशों के किसानों और विशेषज्ञों से भी बातचीत कर रही है। आस्ट्रेलिया, जर्मनी और यूके के किसानों के साथ हमारी चर्चा चल रही है, जो यहां आकर आधुनिक तकनीक और अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं।

# नीतीश के बाद कौन?

## बीजेपी ने सीएम चुनने के लिए 10 अप्रैल को दिल्ली में बुलाई बैठक

**पटना।**



बिहार में राजनीतिक हचलत तेज है और लगभग सभी के जुबान पर यह सवाल है कि नीतीश कुमार के बाद राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा? वैसे तो इस सवाल का जवाब अभी किसी के पास नहीं है लेकिन इस सवाल का जवाब जल्द मिल सकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे और मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इसी दिन दिल्ली में बीजेपी के नेता बिहार के नए सीएम के नाम को लेकर महामंथन कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि इसी महामंथन में बिहार में नई सरकार के गठन की रणनीति और नीतीश कुमार के बाद उनकी कुर्सी संभालने वाले चेहरे दोनों पर ही मुहर लगा दी जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि इस बैठक में बीजेपी के दिग्गज नेता शामिल होंगे। खुद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस बैठक में मौजूद रहेंगे और बिहार के नए सीएम के नाम पर मुहर लगाई जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस बैठक में बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को बुलाया गया है। इसके अलावा नित्यानंद राय, संजय जायसवाल, भीखू भाई दलसानिया और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र भी शामिल हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि इस बैठक में बीजेपी शीर्ष नेतृत्व बिहार बीजेपी कोर कमेटी से नए सीएम के लिए संभावित नाम मांगेगा। इस दौरान कोशिश रहेगी कि नीतीश कुमार के बाद नए सीएम के लिए किसी ऐसे चेहरे को आगे किया जाए जिसपर सभी की सहमति बन सके। इस महामंथन में नए सीएम के नाम के अलावा नई सरकार के शपथ ग्रहण का शेड्यूल भी तय किया जा सकता है। बहरहाल आपको बता दें कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री तीन दिवसीय दौरे पर 9 अप्रैल की दोपहर दिल्ली रवाना होंगे। शुक्रवार को शपथ लेने के बाद शनिवार 11 अप्रैल को पटना वापस आएंगे। दिल्ली में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से भी उनकी मुलाकात हो सकती है। दिल्ली से लौटन के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

# केरलम चुनाव

# ‘जीत किसी की भी हो, बनेगा ’, NDA बदलेगी समीकरण? क्या कहते हैं आंकड़े?

नयी दिल्ली

केरलम में सत्ता की चाबी चाहे एलडीएफ के पास जाए या यूडीएफ के खाते में पहुंचे, इस बार का जनादेश इतिहास रचने वाला है। अगर पिनाराई विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ लगातार तीसरी बार सरकार बनाती है तो यह राज्य की राजनीतिक परंपरा को तोड़ने वाला अभूतपूर्व घटनाक्रम होगा। वहीं, यूडीएफ दो हार के बाद वापसी करता है तो इसे वामपंथ के मजबूत गढ़ में बड़ी सेंध माना जाएगा। इस बार के चुनावी नतीजे केवल सरकार नहीं तय करेंगे, बल्कि दोनों खेमों के भीतर शक्ति संतुलन भी प्रभावित करेंगे।



### 89 सीटों पर एलडीएफ - यूडीएफ का दबदवा

केरलम के चुनावी माहौल में हार की स्थिति में माकपा के कमजोर होने की बहस तेज हो सकती है। वहीं, यूडीएफ के लिए लगातार तीसरी हार आंतरिक असंतोष को बढ़ा सकती है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के सामने बढ़ते वोट शेयर को सीटों में बदलकर तीसरी ताकत के रूप में खुद को स्थापित करने की चुनौती है। केरलम राज्य में पारंपरिक रुझानों के बावजूद समीकरण जटिल हैं। केरलम की 89 सीटें ऐसी हैं, जहां पिछले 3 चुनावों से एलडीएफ या यूडीएफ का कब्जा रहा है। इनमें हल्का बदलाव भी बड़े परिणाम ला सकता है। चुनाव में महिला मतदाता, बुजुर्ग और पहली बार वोट देने वाले युवा निर्णायक भूमिका में हैं।



### निकाय चुनावों मे वाम दलों को झटका

केरलम में हाल ही हुए स्थानीय निकाय चुनावों में वाम दलों को झटका लगा है। वाम दलों को तिरुवनंतपुरम, अलाप्पुझा, कोल्लम, पलक्कड़ और कन्नूर जैसे पारंपरिक गढ़ों में नुकसान उठाना पड़ा है। इन इलाकों की कुल 57 विधानसभा सीटें हैं। यह संकेत वाम दल के खेमे के लिए चिंता का विषय है। ऐसे परिदृश्य में मुकाबला मुट्ठी भर सीटों पर कुछ हजार वोटों तक सिमट सकता है और वही तय करेगा कि इतिहास किसके पक्ष में लिखा जाएगा।

### एलडीएफ और यूडीएफ के चुनावी मुद्दे

एलडीएफ को सत्ता में होने का लाभ मिल सकता है। राज्य में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं, इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर, पिनाराई विजयन का चुनावी चेहरा और बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूत पकड़ इस बार के चुनाव में एलडीएफ को फायदा पहुंचा सकती है। वहीं, यूडीएफ सत्ता विरोधी माहौल का लाभ उठाने की कोशिश करेगा। हाल के नगर निकाय चुनावों में जीत से मिला उत्साह, शासन की कथित विफलताएं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों का प्रमुख मुद्दा यूडीएफ को संजीवनी दे सकता है।



## देश के लिए नासूर है आरएसएस

### रुचि वीरा बोलीं- इसे बैन कर देना चाहिए

मुरादाबाद।

मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर को लेकर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि आरएसएस देश के लिए नासूर है। इसे बैन कर देना चाहिए। पब्लिक के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। वहीं, इस पर भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि रुचि वीरा को कोई जानकारी नहीं है। वहीं, रूचि वीरा के इस बयान से सियासी हलचल बढ़ गई है। आरएसएस को लेकर समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा ने कहा, 'आरएसएस तो नासूर है देश के लिए। इस पर प्रतिबंध लगना चाहिए क्योंकि आप देख ही रहे हैं उनके जो आयोजन हो रहे हैं, जो सभाएं हो रही हैं वो इतनी बिना जनता के पैसे के थोड़ी हो रही है? जनता के करोड़ों-करोड़ों रुपये में सभा हो रही है तो ये जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। जनता का पैसा विकास कार्य पर लगना चाहिए। अस्पताल बनने चाहिए, कॉलेज बनने चाहिए और जो भी विकास कार्य हैं वो होने चाहिए।'

इसे लेकर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'बहुत आश्चर्य होता है कि रुचि वीरा जो सामाजिक जीवन में है, क्या वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में जानती नहीं हैं। जनता के पैसे का उपयोग होता है इसका मतलब क्या है? जनता का पैसा या सरकार के पैसे से संघ चलता है ऐसा क्या? जनता का पैसा अगर जनता के भरोसे पर आता है और संघ की पहली कार्यपद्धति को जाकर देखें, शाखाओं को जाकर के देखें। यह जनता का संगठन, जनता के लिए , जनता के द्वारा है। इसमें किसी प्रकार का कोई सरकारी फंडिंग नहीं होती है। रुचि वीरा को इस बात की जानकारी या तो नहीं है या संघ को जानबूझकर के गाली देने से, संघ के बारे में अनर्गल प्रलाप करने से उनकी पार्टी में उनका कद बढ़ता है।



## इजरायल का बेरूत पर बड़ा हमला, आईडीएफ की एयर स्ट्राइक में 87 लोगों की मौत; 700 घायल




बेरूत। इजरायल की वायुसेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर बड़ा हवाई हमला किया है। ये हमले कोला इलाके में हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अल जजीरा को बताया कि शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, लेबनान पर इजरायल की स्ट्राइक में कम से कम 87 लोग मारे गए हैं और 700 से ज्यादा घायल हुए हैं। बेरूत पर इजरायली हमलों के बीच लेबनान के प्रधानमंत्री ने एक बयान जारी कर अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इजरायल घनी आबादी वाले लेबनानी इलाकों पर हमले कर रहा है और बेबस नागरिकों को मार रहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल युद्ध रोकने के लिए सभी क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय कोशिशों को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है। लेबनान के पीएम ने कहा कि वह सभी दोस्तों से अपील करते हैं कि वे हर तरह से इन हमलों को खत्म करने में हमारी मदद करें।

### यूएस -ईरान सीजफायर में पाक की भूमिका

## कांग्रेस बोली- पापा ने वॉर रुकवा दी का क्या हुआ

नयी दिल्ली।



कांग्रेस ने अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्धविराम में पाकिस्तान की मध्यस्थ की भूमिका को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा और कटाक्ष करते सवाल किया कि 'पापा ने वार रुकवा दी' का क्या हुआ। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि मोदी सरकार विश्व मंच पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने और आतंकवाद के प्रति उसके समर्थन को उजागर करने में नाकाम रही। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'भारत के प्रधानमंत्री, जो अमेरिका, इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ बहुत विशेष मित्रता का दावा करते हैं और जिनके पास इस वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता भी है, युद्धविराम वार्ता के दौरान तस्वीर में क्यों नहीं हैं? युद्धविराम की बात के दौरान भारत कैसे और क्यों निर्णायक नहीं रहा?' उन्होंने कटाक्ष करते हुए सवाल किया, 'पापा ने वॉर रुकवा दी का क्या हुआ?'

'पापा ने वॉर रुकवा दी' एक चर्चित राजनीतिक मीम है, जिसका उपयोग विपक्षी दल कई बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधने के लिए करते हैं। करीब चार साल पहले रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के समय भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से सुरक्षित निकालने के सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए जारी वीडियो में एक लड़की ने इस वाक्य का उपयोग किया था। इसके बाद यह धीरे-धीरे एक चर्चित मीम बन गया। रमेश ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल तथा ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम का पूरी दुनिया सतर्कतापूर्वक स्वागत करेगी। यह संघर्ष 28 फरवरी को ईरान में शासन के शीर्षस्थ अधिकारियों की लक्षित हत्याओं के साथ शुरू हुआ था। यह प्रधानमंत्री मोदी की अपनी बहुप्रचारित इज़राइल यात्रा पूरी करने के ठीक दो दिन बाद शुरू हुआ था, एक ऐसी यात्रा जिसने भारत के वैश्विक कद और प्रतिष्ठा को कम कर दिया था।

# 24 घंटे में ही तार-तार हुआ सीजफायर

## अमेरिका, इजरायल और ईरान की जिद से मिडिल ईस्ट में फिर भड़केगी 'आग'?

नयी दिल्ली।

मिडिल ईस्ट में 40 दिनों से जारी भीषण जंग के बाद जब अमेरिका और ईरान की ओर से सीजफायर का ऐलान हुआ, तो शांति की उम्मीद दिखी। लेकिन महज 24 घंटे बाद ही कहानी पूरी तरह पलटती दिख रही है। यह सीजफायर अब धागे की तरह टूटता नजर आ रहा है। इस संघर्ष के तीन ध्रुव ईरान, इजरायल और अमेरिका के बयान ही आपस में अलग-थलग नजर आ रहे हैं। कूटनीतिक बयानों और जमीनी हकीकत के बीच की खाई इतनी गहरी हो चुकी है कि यह सीजफायर अब किसी भी वक्त इतिहास बन सकता है। आइए समझते हैं आखिर यह पूरा मामला क्या है?



### इजरायल ने और तेज कर दिए लेबनान पर हमले

सीजफायर समझौते की स्याही सूखने से पहले ही इजरायल ने इसमें एक बड़ी तकनीकी खामी का हवाला दे दिया है। इजरायल का कहना है कि मौजूदा सीजफायर डील में लेबनान को लेकर कोई जिक्र नहीं है। इसी को आधार बनाते हुए इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर अपने सैन्य हमले और ऑपरेशन्स जारी रखेगा। इजरायल ने आज लेबनान पर पहले से कहीं ज्यादा तेज हमले किए। इन हमलों में 100 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। वहीं खबर यह भी है कि इजरायल सीजफायर के फैसले से भी खुश नहीं है।

### ईरान की पलटवार- 'गेंद अब आपके पाले में'

इजरायल के लेबनान पर हमले जारी रखने के ऐलान पर ईरान ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर लेबनान पर एक भी हमला होता है, तो यह पूरा सीजफायर टूट जाएगा. ईरान ने अमेरिका और इजरायल दोनों को चेतावनी देते हुए कहा है, 'गेंद अब आपके पाले में है। इसका सीधा मतलब है कि अगर हमले नहीं रुके, तो ईरान और उसके समर्थित गुटों की ओर से बड़े स्तर पर जवाबी कार्रवाई हो सकती है।

### अमेरिका का कड़ा रुख, ईरान का प्रस्ताव 'कूड़े में फेंका'

कूटनीतिक मंच पर सबसे बड़ी हलचल अमेरिका के उस बयान से हुई है जिसमें उसने ईरान द्वारा पेश किए गए 10 सूत्रीय शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन ने बेहद तल्ख लहजे में कहा है कि उन्होंने इस प्रस्ताव को 'कूड़े के डिब्बे में डाल दिया है। इस बयान से साफ है कि अमेरिका ईरान की किसी भी शर्त को मानने के मूड में नहीं है और वह मिडिल ईस्ट में अपने सहयोगियों खासकर इजरायल के रुख का पूरी तरह समर्थन कर रहा है।

अमेरिका ने इजरायल द्वारा लेबनान पर किए जा रहे हमलों का भी समर्थन किया है। अमेरिका ने साफ कहा है कि सीजफायर की शर्त में लेबनान पर हमले रोकना शामिल नहीं है। यह बिल्कुल अलग विवाद है।



# उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में विकलांग जूली को मिली राहत, मौके पर ही पेंशन हुई स्वीकृत

चमकता राजस्थान




**धौलपुर/रामदास तरुण।** अटल जनसेवा शिविर के अंतर्गत गुरुवार को पंचायत समिति बाड़ी एवं बसेड़ी में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन संभागीय आयुक्त भरतपुर नालिनी कठौतिया की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान संभागीय आयुक्त नालिनी कठौतिया ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल जनसेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है।संभागीय आयुक्त कठौतिया ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवादियों द्वारा प्रस्तुत मामलों का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उपखण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

जनसुनवाई के दौरान पंचायत समिति बाड़ी में कुल 38 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 7 परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं पंचायत समिति बसेड़ी में प्राप्त 22 परिवादों में से 10 का तत्काल समाधान कर शेष मामलों को ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। पंचायत समिति बाड़ी में शिवदयाल द्वारा रास्ते के अतिक्रमण संबंधी परिवाद प्रस्तुत किया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम उमरेह के ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत सहेड़ी के निवासियों द्वारा चारागाह भूमि के सीमांकन को लेकर प्रस्तुत परिवाद पर वन विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर समाधान करने को कहा गया। विशनगिरी मेले को ध्यान में रखते हुए, मार्गों की साफ-सफाई एवं झाड़ियों की कटाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को आगामी बरसात को देखते हुए, नालों की गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत कराने, विद्युत विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा चिकित्सा विभाग को चिकित्सा संस्थानों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत समिति बसेड़ी में विकलांग परिवादी जूली द्वारा बंद पेंशन की समस्या रखी गई, जिस पर संभागीय आयुक्त नालिनी कठौतिया ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही पेंशन स्वीकृत कर राहत प्रदान की। वीकेश द्वारा राशन कार्ड चालू करवाने के परिवाद पर उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को जांच कर संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शमशानघाट में टीनशैड निर्माण हेतु प्रस्ताव बनाकर कार्य शीघ्र शुरू करने को कहा गया। इस दौरान बिजली विभाग को ढीले तार एवं खराब ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई में उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, विकास अधिकारी पंचायत बाड़ी अनिल कुमार शर्मा, डॉ. हरिकिशन मंगल पीएमओ, डॉ. गब्बर सिंह मीणा बीसीएमओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, एक्सईएन देशराज गुर्जर, एईएन चेतन जाट, ऐईएन आर.डी. मीना, प्रोग्रामर उमेश शर्मा, अल्का श्रीवास्तव, मुकेश कुमार मीणा, कालीचरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाली के हंसाराम सीरवी डीएसपी पद पर पदोन्नत, नगर में खुशी का माहौल

● पुलिस विभाग द्वारा अनेक बार सम्मानित हुए



**चमकता राजस्थान/जेके बावल/पाली।** रडावा निवासी हंसाराम सीरवी को राजस्थान पुलिस में उप अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नगरवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाइयाँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आपने बाली का गौरव बढ़ाया है। सीरवी ने 1 नवंबर 1997 को राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। अपनी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर वर्ष 2012 में निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त की। वर्तमान में वे बांसवाड़ा जिले के लोहारिया थाना में थानाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। अब डीएसपी पद पर पदोन्नति मिलने से क्षेत्र में गर्व का माहौल है। पुलिस विभाग द्वारा अनेक बार सम्मानित हुए।आपकी उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। सीरवी की पदोन्नति की खबर मिलते ही बाली नगर में उत्साह का माहौल बन गया। क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। आपने जालौर, सिरोही, बाड़मेर, जोधपुर, राजसमंद, बांसवाड़ा में लगभग 22 थानों के थानाधिकारी के रूप में सेवाए दी। पुलिस विभाग में आपके द्वारा लगभग 29 वर्षो की सेवा से अपनी अलग पहचान बनाई है। आप जहां भी गए वहां एक अपनी नैतिकता की छाप छोड़ी, जो सदैव स्मरणीय रहेगी। आज आपको सभी याद करते है।

### हिंडौन में अनोखी पहलः नारियल के खोल से बनाए पक्षियों के ठंडे आशियाने

**चमकता राजस्थान/अनिल शेखर/हिंडौन।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, जहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, ऐसे में छोटे पक्षियों विशेषकर गौरैया के लिए सुरक्षित और ठंडे आशियाने की समस्या गंभीर होती जा रही है। इसी चुनौती को देखते हुए समाजसेवी पुष्पेंद्र गारूवाल ने एक सराहनीय और अनोखी पहल शुरू की है।



गारूवाल ने कचरे में फेंके जाने वाले नारियल के खोल को एकत्रित कर उन्हें रचनात्मक तरीके से तराशकर प्राकृतिक घोंसलों का रूप दिया। इन घोंसलों को पेड़ों पर स्थापित किया जा रहा है, जिससे पक्षियों को गर्मी से राहत मिलने के साथ ही सुरक्षित निवास भी मिल रहा है।

यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि 'कचरे से उपयोगी वस्तु' बनाने की प्रेरणा भी देती है। गारूवाल का यह प्रयास समाज के लिए एक उदाहरण बनकर सामने आया है, जो यह दर्शाता है कि थोड़ी सी जागरूकता और रचनात्मक सोच से प्रकृति और जीव-जंतुओं के लिए बड़ा योगदान दिया जा सकता है।

स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया है। पुष्पेंद्र गारूवाल की यह मुहिम बेजुबान पक्षियों के लिए राहत बनकर उभरी है और लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित कर रही है।

### आयुर्वेद नर्सिंग काउंसिल के रजिस्ट्रार मुख्तार सिंह से एक मुलाकात डॉ. अनुराग शर्मा से

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** डॉ. अनुराग शर्मा, निदेशक & सी. ई. ओ , बी.बी.एम.एस ग्रुप ऑफ कॉलेज, जयपुर ने डॉ. मुख्तियार सिंह, रजिस्ट्रार, राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग काउंसिल (आयुर्वेद विभाग, राजस्थान) के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।



इस मुलाकात के दौरान दोनों शिक्षाविदों के बीच विभिन्न शैक्षणिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में आयुर्वेदिक नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, पाठ्यक्रम के आधुनिकीकरण, तथा विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

डॉ. अनुराग शर्मा ने संस्थानों में व्यावहारिक शिक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया, वहीं डॉ. मुख्तियार सिंह ने काउंसिल की ओर से शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक को आयुर्वेदिक शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कदम माना जा रहा है, जिससे भविष्य में विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और बेहतर करियर अवसर मिल सकेंगे।

### शिक्षक संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) सवाई माधोपुर देवीलाल मीना को पेंशन प्रकरण निस्तारण के लिए ज्ञापन सौंपकर चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक के शिक्षकों के स्थायीकरण, वेतन नियमितीकरण तथा पी डी मद के शिक्षकों का समय पर वेतन भुगतान जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं को लेकर शिष्ट मंडल ने वार्ता की। प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि संगठन द्वारा चौथ का बरवाड़ा ब्लॉक में संगठन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शिक्षकों ने अपनी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि स्थायीकरण व वेतन नियमितीकरण में देरी तथा पी डी मद के शिक्षकों का समय पर वेतन भुगतान नहीं होने से उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# CMHO सीताराम मीणा व भाजपा जनप्रतिनिधि के निरीक्षण के बाद भी नहीं सुधर पाई सफ़ाई व्यवस्था

चमकता राजस्थान

**वेतन संकट से जूझ रहा सफाईकर्मी,एक ही कर्मचारी के भरोसे CHC की सफाई व्यवस्था। और सुबह 9 बजे तक कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं मरीजों की लम्बी लाईन लगी रही मरीज़ इधर-उधर भटकते नजर आए।**

रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। कुण्डल तहसील मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में सफाई व्यवस्था में लगातार बदहाल स्थिति बनती जा रही है। और सुबह 9 बजे तक डॉक्टर उपलब्ध नहीं मरीजों की लम्बी लाईन लगी रही मरीज़ इधर-उधर भटकते नजर आए। हाल ही में CMHO सीताराम मीणा दौसा के निरीक्षण में गंदगी और अव्यवस्थाएं सामने आने के बाद सुधार के निर्देश दिए गए थे, लेकिन स्थिति में कोई खास बदलाव नजर नहीं आ रहा। आज भी अस्पताल की सफाई व्यवस्था का जिम्मा फिलहाल एक ही सफाई कर्मचारी के भरोसे चल रहा है जो भी दिन में एक ही बार होती हैं, जिससे पूरे परिसर की नियमित सफाई संभव नहीं हो पा रही। वार्ड, शौचालय और परिसर में गंदगी के कारण मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस बीच सफाई कर्मचारियों के द्वारा अपनी पीड़ा बताई गई। उनका कहना है कि ठेकेदार द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जाता, जिससे उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन में देरी के कारण सफ़ाई कर्मचारी नियमित रूप से काम पर नहीं आ पा रहा जिसका खामियाजा सीधा अस्पताल की सफाई व्यवस्था व आने वाले मरीजों को भुगतान पड़ रहा है।

मरीजों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सफाई व्यवस्था करवाई जाए, पर्याप्त सफाईकर्मियों की नियुक्ति हो और ठेकेदार की मनमानी पर रोक लगाई जाए, ताकि अस्पताल में स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित हो और मरीजों के स्वास्थ्य पर भी कोई ग़लत प्रभाव ना पड़ सके। और मरीजों को सुविधाओ का मिल सके।

## ऋषभदेव की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : माली



**चमकता राजस्थान/ब्यूरो चीफ जेके बावल/ पाली ।** घाणेराव जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक बनी हुई हैं। उनके सिद्धांतों को अपनाकर समूची दुनिया को सुखमय बनाया जा सकता है। यह विचार अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देसूरी विजयसिंह माली ने निकटवर्ती श्री सोनाणा खेतलाजी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आना की प्रार्थना सभा में ऋषभ पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

माली ने कहा कि ऋषभदेव का भारतीय ज्ञान परंपरा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह व ब्रह्मचर्य जैसे मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संस्था प्रधान तुलसाराम बोगरेचा ने ऋषभदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की बात कही। वहीं व्याख्याता मानाराम एवं जुगराज माली ने भी ऋषभदेव से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए।

कार्यक्रम में उप प्राचार्य मनोज कुमार खत्री, अर्जुन सिंह, पुखराज देवासी, रिंकू सुथार, विक्रम सिंह, पेमाराम मेघवाल, तालिब हुसैन पठान और दिनेश कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्रार्थना सभा का संचालन मदनपुरी गोस्वामी ने किया।

इसके पश्चात माली ने स्टाफ बैठक लेकर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की समीक्षा करते हुए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 1 से 15 अप्रैल तक विद्यालयों में ऋषभ पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

## चमकता राजस्थान की खबर का असर

### कुण्डल मैंन चौराया होकर स्टेट हाईवे-78 को लेकर सैंथल SDM अमृता खंडेलवाल ने किया कुण्डल तहसील मुख्यालय का निरीक्षण किया



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** कुण्डल तहसील मुख्यालय में गुरुवार को सैंथल एसडीएम अमृता खंडेलवाल ने प्रस्तावित स्टेट हाईवे-78 कुण्डल मैंन चौराया होकर मार्ग को लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संभावित मार्ग का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। एसडीएम अमृता खंडेलवाल ने बताया कि कुण्डल के ग्रामीणों द्वारा ज्ञापन प्राप्त हुआ था। जिसको लेकर बुधवार को मैने मौके पर जाकर निरीक्षण किया हैं। वर्ष 1979_84 की बात है इसका रिकॉर्ड देखा जा रहा हैं इसकी जानकारी के बाद । इसको लेकर मौका देखा गया है बाद में इस पर आगे की कार्यवाही जारी। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव एसडीएम के समक्ष रखे। ग्रामीणों ने मांग की कि हाईवे को इस प्रकार निकाला जाए जिससे कस्बे के पास से आवागमन सुगम हो और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के सैंथल अएठ अरमान खान,विभागीय कर्मचारी व ग्रामीण लोग मौके पर मौजूद रहे

## किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई में मैं हमेशा किसानों के साथ : विधायक शर्मा

● विधायक शर्मा ने बूंदी कृषि उपज मंडी का किया अवलोकन

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आज बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कलरफेड गेहूं खरीद में आ रही किसानों की समस्या को लेकर को कुवारती कृषि उपज मंडी, बूंदी में अवलोकन किया। शर्मा ने अन्नदाता किसान भाइयों को बीच पहुंचकर सभी किसानों से एक-एक कर समस्याओं को पूछा। किसानों से समस्या से पूछने के बाद विधायक शर्मा मंडी के कंट्रोल रूम में पहुंचकर किसानों की समस्याओं के बारे में कंट्रोल रूम में लगे ऋछकके कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की। ऋछकके कर्मचारियों ने शर्मा द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान सरकार के पास भी नहीं है ऐसा बताया। शर्मा ने जब कलरफेड गेहूं को नहीं खरीदने पर आपत्ति जताई तो कंट्रोल रूम वाले कार्मिकों ने कहा कि केन्द्र सरकार से आजकल में अस्थाई छूट का आदेश आ जाएगा जब से किसनों की समस्या का समाधान हो जाएगा। कलरफेड की समस्या के साथ ही शर्मा ने बायोमेट्रिक, फोटो एवं ऑनलाइन संबंधित कार्यवाही में आ रही किसनों की परेशानी के संबंध में भी शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। शर्माने शीघ्र कंट्रोल रूम में स्टाफ बढ़ाने की भी बात कही।

» शीघ्र किसनों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा कदम उठाना पड़ेगा

बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कृषि उपज मंडी का अवलोकन करते हुए किसान भाइयों के सामने सरकार को बड़ी चेतावनी दी है। शर्मा ने कहा कि अगर कलरफिट गेहूं खरीद एवं अन्य बड़ी समस्याओं का सरकार द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो सरकार के विरुद्ध बड़ा कदम उठाया जाएगा। खेद इस बात का है कि माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम जी बिरला द्वारा प्रेस वार्ता में दिया गया आश्वासन और जिला कलेक्टर बूंदी द्वारा पत्र लिखने के बावजूद भी अभी तक केंद्र सरकार से कलरफेड गेहूं खरीदने पर छूट का कोई आदेश नहीं आया है। मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि शीघ्र यह छूट का आदेश प्रदान करें।

## सोजत के जजो ने स्कूलों में द्वितीय चरण ट्रांसफ़ॉर्मेटिव ट्यूजडे के तहत शिविरों में दी कानूनी जानकारी




**चमकता राजस्थान/हितेष भाटी/सोजत।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण .पाली के निर्देशानुसार सुश्री साधना सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोजत, ने आलोक विद्या मंदिर स्कूल सोजत, श्री शिवदान चौधरी, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोजत ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मण्डला ब्लॉक सोजत एवं श्रीमती अनुराधा दाधीच, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोजत ने न्यू लुक सेंट्रल स्कूल सोजत में Transformative Tuesdays कार्यक्रम' के तहत कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।इस विशेष पहल के अगले चरण में आज 'क्लिक करने से पहले सोचो ऑनलाइन सुरक्षित रहो - इंटरनेट सब कुछ याद रखता है' विषय पर छात्र-छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पाली से आबंटित स्कूलों में उन्होंने कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइबर अपराधों और उनसे बचने के कानूनी उपायों के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही अधिकारियों ने बच्चों को आगाह किया कि इंटरनेट पर साझा की गई कोई भी जानकारी कभी पूरी तरह नहीं मिटती। उन्होंने फेक प्रोफाइल, साइबर बुलिंग (व्हाट्सएप ग्रुप में परेशान करना) और बिना अनुमति फोटो साझा करने जैसे गंभीर मुद्दों पर कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

# पशुपालकों के लिए वरदान साबित हो रही हैं राज्य सरकार की योजनाएं : डॉ. विश्वास कुमार

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालकों और उनके पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उपनिदेशक, पशुपालन विभाग ब्यावर डॉ. विश्वास कुमार ने बताया कि विभाग की प्रमुख योजनाओं में मोबाइल वेटरिनरी योजना (चल पशु चिकित्सा इकाई) विशेष रूप से प्रभावी साबित हो रही है।

उन्होंने बताया कि कोई भी पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर इस सुविधा का लाभ उठा सकता है। कॉल प्राप्त होते ही जयपुर स्थित कंट्रोल रूम से नजदीकी मोबाइल वेटरिनरी वैन को सूचना दी जाती है, जो तुरंत पशुपालक के घर पहुंचकर पशुओं का निःशुल्क उपचार करती है। इस वैन में आवशयक दवाइयों के साथ चिकित्सक, सहायक कर्मचारी एवं ड्राइवर उपलब्ध रहते हैं।

डॉ. कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत पशुओं के लिए आवशयक लगभग सभी प्रकार की दवाइयां पशु चिकित्सा संस्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्राथमिक उपचार से लेकर गंभीर उपचार एवं शल्य चिकित्सा तक की दवाएं पशुपालकों को मुफ्त प्रदान की जाती हैं।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा व्यापक टीकाकरण कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत पशुपालकों के घर जाकर लगभग 8 प्रकार की बीमारियों, जैसे खुरपका-मुंहपका, लंगड़ा बुखार आदि के विरुद्ध निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि टीकाकरण के दौरान विभागीय कार्मिकों का सहयोग करें तथा ऑनलाइन पंजीकरण हेतु प्राप्त ओटीपी अवशय साझा करें, जिससे उनकी एंट्री सुनिश्चित हो सके।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929